● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 108, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 25 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





भजनलाल सरकार करेगी आरक्षण की समीक्षा 5

आस्ट्रेलियाई कोच बनाने का आफर नहीं दियाः जय 6

# पंजाब की प्रगति मेरी गारंटी : मोदी

## केसरिया पगड़ी बांध आए पीएम ने कांग्रेस को घेरा



**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जालंधर के पीएपी मैदान में पहुंचे। उनके आते ही पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। केसरिया पगड़ी पहनकर आए मोदी ने पंजाबी में अपना संबोधन शुरू किया।

दीनानगर की ही तरह जालंधर में भी मोदी के निशाने पर कांग्रेस ही रही। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चहेते इतिहासकारों से जो इतिहास की किताबें लिखवाईं, उसमें दो परिवारों का जिक्र रहा- एक अपने परिवार का और दूसरा मुगल परिवारों का... नतीजा ये हुआ है कि देश की कितनी ही पीढ़ियां हमारे साहिबजादों के बलिदान से सही से परिचित ही नहीं हो पाईं। कांग्रेस को लगता था कि साहिबजादों की बात करेंगे तो वोटबैंक नाराज हो सकता है।

अपनी उपलब्धियां गिनवाते हुए मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनवाया। हमने दर्शन करने, शीश नवाने के लिए रास्ता खोला। पहले हरमंदिर साहिब में विदेशों से चंदे पर रोक थी। वो रोक हमने हटाई। हमारी सरकार ने गुरुओं के प्रकाश पर्व को पूरी श्रद्धा से देश-विदेश में मनाया।

पीएम ने कहा कि पंजाब हमारे भारत की पहचान है, ये हमारे गुरुओं की पवित्र भूमि है, लेकिन कांग्रेस ने पंजाब को कभी भी जमीन के टुकड़े से ज्यादा माना नहीं। कांग्रेस ने 1947 में अपने परिवार को सत्ता दिलाने के लिए पंजाब को बांट दिया। हमारा करतारपुर साहिब, देश की सीमा के ठीक बगल में है, लेकिन कांग्रेस ने उसे पाकिस्तान को सौंप दिया था।

पहले देश में आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा था, आज मोदी सरकार ने आतंकवाद की कमर तोड़ दी है। पहले पाकिस्तान की हिम्मत बढ़ती जा रही थी, मोदी ने जब से घर में घुसकर मारा है, तब से पाकिस्तान भी कुछ करने से पहले 100 बार सोचता है। आज देश भी समझ रहा है, जहां तक कांग्रेस है समस्याएं हैं और जहां भाजपा है समाधान है।

पिछले 10 साल में पहली बार देश ने एक नया दौर देखा है। कांग्रेस के समय में नई-नई समस्याएं पैदा होती थीं, मोदी ने पहली बार समस्याओं के हल निकाले हैं। कांग्रेस के समय, गरीबी का संकट गहराता जा रहा था, मोदी के समय में आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। कांग्रेस के समय, देश की अर्थव्यवस्था संकट में थी, आज पहली बार भारत, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

देश में पांच चरण का मतदान हो चुका है। छठे चरण का मतदान भी कल होने जा रहा है। कल तक जो लोग भाजपा के खिलाफ गुब्बारा फुल रहे थे, उनका गुब्बारा भी फूट चुका है। अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को कोई वोट देना नहीं चाहता।

पीएम ने कहा कि आज ड्रग्स डीलरों को पंजाब में फ्री लाइसेन्स मिला हुआ है। परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। पंजाब के लोग भी समझ गए हैं, झाड़ू पार्टी वाले तो खुद नशे के होलसेल व्यापारी हैं। जिन्होंने इतना बड़ा शराब घोटाला किया हो, वो पंजाब में ड्रग्स की काली कमाई में डुबकी कैसे नहीं लगाएंगे? आप पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि इस पार्टी ने कांग्रेस से आपातकाल का पाठ भी अच्छे से सीख लिया है। ये कांग्रेस की फोटोकॉपी पार्टी, जो मीडिया हाउस इनकी धमकी के आगे नहीं झुक रहा, उन पर ये मुकदमे करवा रहे हैं।

# जयविलास पैलेस पहुंचे दिग्विजय सिंह, माधवी राजे को दी श्रद्धांजंलि

**ग्वालियर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह शुक्रवार को ग्वालियर आए। एयरपोर्ट पर राज्यसभा सांसद अशोक सिंह सहित कांग्रेस के नेताओं ने उनकी अगवानी की। उन्होंने जयविलास पैलेस में माधवी राजे को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्योतिरादित्य सिंधिया और महाआर्यमन सिंधिया को सांत्वना प्रदान की। मीडिया से वे मिले तो लेकिन राजनीतिक सवालों पर चुप्पी साधे रखी।



दिग्विजय सिंह वहां से सड़क मार्ग से सीधे पूर्व विधायक और वरिष्ठ समाजवादी नेता वृजेन्द्र तोमर के गश्त का ताजिया स्थित निवास पर पहुंचे और उनका हालचाल जाना। तिवारी कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे हैं। यहां से सिंह मध्य भारत खादी ग्रामोद्योग दफ्तर पहुंचे, जहां उनका समिति से जुड़े लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने वहां चल रहे कार्यकलापों का अवलोकन किया और उनके काम की सराहना की।

इसके बाद सिंह सीधे जयविलास पैलेस पहुंचे और वहां पहुंचकर दिवंगत माधवी राजे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया और महाआर्यमन सिंधिया से बात कर सांत्वना भी प्रदान की। दिग्विजय सिंह 2020 में सिंधिया के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने के बाद पहली बार जयविलास पैलेस पहुंचे। हालांकि, यह दौरा भी राजनीतिक नहीं पारिवारिक था। सिंह से मीडिया ने बातचीत की तो उन्होंने कहा कि मैं ग्वालियर आया हूं स्वर्गीय राजमाता साहब के देहांत पर श्रद्धांजलि देने और ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके परिवारजनों से मिलने के लिए। जब उनसे भाजपा के चार सौ पार के नारे को लेकर सवाल पूछा तो वे जवाब दिए बगैर ही आगे बढ़ गए।

# बंगाल राजभवन के स्टाफ को हाईकोर्ट से राहत

## कोर्ट ने पुलिस जांच 17 जून तक रोकी, पुलिस से इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट मांगी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के ओएसडी और राजभवन के दो कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस की जांच पर 17 जून तक रोक लगा दी है। जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा- आरोपी जमानत पर हैं। पुलिस के पास सबूत हैं। अब तक जो जांच हुई है, उसकी पूरी रिपोर्ट 10 जून को अदालत को सौंपें। छुट्टियों के बाद रेगुलर बेंच मामले की सुनवाई करेगी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाया है।



उसने 2 मई को हरे स्ट्रीट थाने में राज्यपाल के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी। उसने कहा था कि राजभवन के कमरे से निकलते समय राज्यपाल के ओएसडी एसएस राजपूत और दो अन्य कर्मचारियों कुसुम छेत्री और संत लाल ने उसे रोका था। पुलिस ने 15 मई को जांच शुरू की थी। महिला ने आरोप लगाया कि वो 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी। तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। 2 मई को फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत, किसी राज्यपाल के खिलाफ उसके कार्यकाल के दौरान कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है।

# पुणे एक्सीडेंट केस- 6 आरोपी 7 जून तक न्यायिक हिरासत में

**पुणे।** पोर्श एक्सीडेंट मामले में स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार (24 मई) को आरोपी नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल समेत सभी छह आरोपियों को 7 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार का कहना है कि इस मामले में पुलिस का पक्ष रखने के लिए स्पेशल काउंसिल नियुक्त किए जाएंगे। आरोप है कि नाबालिग ने 18 मई की रात शराब के नशे में अपनी पोर्श कार से बाइक को टक्कर मारी थी।

# विकास चाहिए या गोलियों की भाषा: शाह

**भोजपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को भोजपुर पहुंचे, जहां वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में अमित शाह ने एक तरफ मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया वहीं दूसरी तरफ उन्होंने विपक्ष पर जमकर बरसे। केंद्रीय मंत्री सह भोजपुर के एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह के पक्ष में वोट मांगने आये अमित शाह ने कहा कि पीओके हमारा था और हमारा ही रहेगा, बहुत जल्द हम पीओके को भारत मे शामिल कराएंगे। अमित शाह ने कहा कि एक तरफ एनडीए के ईमानदार और



केंद्र में मंत्री आरके सिंह जैसे प्रत्याशी है तो दूसरी तरफ गोलियों की भाषा बोलने वाले नक्सलियों को बढ़ावा देने वाले माले प्रत्याशी हैं। अब आरा की जनता तय कर ले कि उन्हें विकास चाहिए या गोलियों की भाषा। आरके सिंह को मोदी जी ने तीन महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट दिए हैं जिसे बेहतर ढंग से निभाते हुए आरके सिंह पूरे देश मे काम किया और आरा का हर तरफ विकास किये। अमित शाह ने कहा कि अभी-अभी कर्पूरी ठाकुर जी को मोदी जी ने भारत रत्न देकर जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर बनाने का काम किया है।

# 7 राज्यों में 5 दिन हीटवेव का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में तापमान 40 से 49 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में अगले 5 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। इन राज्यों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के पाली में शुक्रवार को गर्मी से मां-बेटे की मौत हो गई। राज्य में लू और गर्मी की वजह से अब तक 10 लोगों की मौत चुकी है। हालांकि, सरकार ने अब तक 6 लोगों की मौत की पुष्टि की है।

# बूथ वाइज डेटा अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 48 घंटे के अंदर बूथ वाइज वोटिंग डेटा और फॉर्म 17सी डेटा अपलोड करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने यह याचिका लगाई थी।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की वेकेशन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव के 5 फेज की वोटिंग हो चुकी है। बेंच ने कहा- अब सिर्फ दो फेज की ही वोटिंग बाकी हैं। ऐसे में डेटा अपलोडिंग के लिए मैनपावर जुटाना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल होगा। चुनाव बाद रेगुलर बेंच मामले को देखेगी।

लोकसभा चुनाव शुरू होने के बाद वोटिंग के दिन चुनाव आयोग वोटर टर्नआउट जारी करता है। इसके कुछ दिन बाद वह इस फेज के फाइनल डेटा जारी करता है। कांग्रेस,एडीआर और तृणमूल ने दोनों डेटा में अंतर आने के बाद ही सवाल उठाए और सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

# इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो लौट आएगा माफिया-गुंडाराजः योगी

**तरकुलवा/गढ़रामपुर।** यूपी के देवरिया जिले के पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के नवतप्पी इंटर कॉलेज रामपुरगढ़ के मैदान में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने माफियाओं का राम नाम सत्य किया है। इस चुनाव में एक तरफ रामभक्तों की टीम है, तो वहीं दूसरी तरफ राम भक्तों पर गोलियां चलाने वालों का गठबंधन है। यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से माफिया व गुंडाराज लौट आएगा।



उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा का एनडीए गठबंधन है, जिसकी सरकार में माफियाराज और गुंडाराज का खात्मा हुआ है। दूसरी तरफ सपा-कांग्रेस का गठबंधन है, जिसकी सरकार में आतंकवादी घटनाएं होती हैं। इन लोगों ने नाम तो नया बनाया है, लेकिन माल वही पुराना है। जब इनकी सरकार होती है तब अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती हैं। वाराणसी के संकट मोचन मंदिर पर आतंकवादी हमला होता है। जब हमारी सरकार आती है तो आतंकवादी या तो जेल में होते हैं या उनकी जगह कब्र में होती है। सपा-कांग्रेस गठबंधन को आतंकवाद व नक्सलवाद खत्म करने की चिंता नहीं है, इन लोगों को आतंकवादी घटना में शामिल लोगों के मुकदमे वापस करने की चिंता सताती है। इंडिया गठबंधन के लोग यह झूठ फैला रहे हैं कि अबकी बार यदि भाजपा की सरकार बनी तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। सीएम योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के संविधान के साथ सबसे अधिक खिलवाड़ कांग्रेस ने किया। पहले उसने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को चुनाव हराया। फिर भारतीय संविधान के साथ छेड़छाड़ किया। जब तक मोदी जी रहेंगे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। राम मंदिर निर्माण का पुण्य जो आपके माथे पर चढ़ा है, गोकशी करने वालों का साथ देकर क्या आप उस पुण्य को नष्ट करेंगे।

# बिभव कुमार को 4 दिन की ज्यूडीशियल कस्टडी

**नई दिल्ली।** आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट ने शुक्रवार को 4 दिन यानी 28 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बीती 18 मई को दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 19 मई को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस कस्टडी दी थी। बिभव कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने पर उनके वकील राजीव मोहन ने कहा, हमने मजिस्ट्रेट को तलाशी और जब्त चीजों की लिस्ट देने के लिए धारा 165 के तहत एक आवेदन दिया है। उन्हें (विभव कुमार) चार दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। धारा 165 में तलाशी के दौरान जब्त की गई सभी चीजों की सूची प्रदान करने का प्रावधान है। हमने इस धारा के तहत आपत्ति जताई है। दिल्ली पुलिस पीए बिभव कुमार को लेकर आई फोन का डेटा रिकवर करने के लिए मुंबई भी लेकर गई थी। दरअसल, विभव ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपना फोन मुंबई में फॉर्मेट कर दिया था।

## झरोखा




# 8 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग आज



**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार (25 मई) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग होगी। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर तीसरे फेज में चुनाव होना था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यहां छठे फेज में वोटिंग हो रही है।

इस फेज में 3 केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्ण पाल सिंह गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह मैदान में हैं। 3 पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मनोहर लाल खट्टर और जगदंबिका पाल भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा मनोज तिवारी, मेनका गांधी, नवीन जिंदल, बांसुरी स्वराज, संबित पात्रा, राज बब्बर, निरहुआ भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के छठे फेज में 889 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 797 पुरुष और 92 महिला उम्मीदवार हैं।

इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी हरियाणा के कुरुक्षेत्र सीट से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल हैं। उनके पास 1241 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 543 लोकसभा सीटों में पांचवे फेज तक 429 सीटों पर मतदान हो गया है। 25 मई तक कुल 487 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। आखिरी और सातवें फेज में 56 सीटों पर वोटिंग होगी।

# इस देश में सबसे ज्यादा संविधान संशोधन कांग्रेस ने किए : जयशंकर

**नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि भारत में एक देश-विरोधी पारिस्थितिकी तंत्र काम कर रहा है, जिसे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खान मार्केट गैंग करार दिया। उन्होंने कहा कि ये कथित उदारवादी, पश्चिमी सोच वाले लोगों का समूह है, जो चुनाव के दौरान भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि ये लोग अपने फायदे के लिए भारत की राजनीति की दिशा को प्रभावित करना चाहते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा पश्चिमी मीडिया और इस इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग के बीच संबंध हैं। यह एक तरह की अभिजात्य वामपंथी सोच वाले लोग हैं, जो भारतीय मीडिया से खबरों को लेकर भारत को ही बदनाम करने की कोशिश करते हैं। देश में एक खास विचारधारा के लोग हैं, जिन्हें अक्सर खान मार्केट गैंग कहा जाता है। उसी तरह से इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग भी है। ये लोग आपस में जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने कहा कि ये भारत विरोधी पारिस्थितिकी तंत्र भारत की नकारात्मक छवि दुनिया के सामने पेश करता है और इस तंत्र के लोग राजनीतिक पार्टियों में भी हैं। उन्होंने कहा जब घरेलू खान मार्केट में मुद्दे नहीं होते हैं तो अंतरराष्ट्रीय खान मार्केट गैंग इन्हें मदद देता है। चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश चल रही है।

एस जयशंकर ने कहा कि इस भारत विरोधी पारिस्थितिकी तंत्र में मीडिया, विश्वविद्यालय, थिंक टैंक भी शामिल हैं और लगातार कोशिश के जरिए भारत के



मतदाताओं और यहां के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश चल रही है। चुनाव के दौरान ये कोशिश तेज हो जाती है, लेकिन यह लगातार चलती रहती है। इसकी भी एक पूरी व्यवस्था है, जिसके तहत पहले विदेशी मीडिया कोई मुद्दा उठाता है, जिसके बाद घरेलू मीडिया और फिर थिंक टैंक, फिर विश्वविद्यालय स्तर पर चर्चा होती है। अपने दावे के पक्ष में एक उदाहरण देते हुए विदेश मंत्री ने बताया 26/11 के मुंबई हमले के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई और इसे अच्छा माना गया। न्यूयॉर्क टाइम्स, वॉशिंगटन पोस्ट आदि ने इसे एक अच्छा फैसला बताकर इसकी तारीफ की गई और इसे समझदारी वाला फैसला बताया गया। जब ये लोग आपकी तारीफ करें तो आपको चिंतित होना चाहिए। भारत में लोकतंत्र खतरे में है और यहां मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है अमेरिकी विदेश विभाग के इस बयान पर एस जयशंकर ने कहा कानून अपना काम कर रहा है। दूसरे देशों में जब राजनेताओं के खिलाफ आरोप लगते हैं तो क्या उन्हें कानूनी प्रक्रिया से छूट मिल जाती है?

लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 पार के नारे पर विदेश मंत्री ने कहा हमारी दक्षिण में सीटें दोगुनी होंगी और उत्तर में भी बढ़ेंगी। हम दक्षिणी राज्यों, ओडिशा और बंगाल में अपने आंकड़ों में सुधार करेंगे। कांग्रेस के आरोप भाजपा आरक्षण और संविधान खत्म कर देगी पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, इस देश में आरक्षण पर हमला किसने किया है? ये कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के कुछ अन्य दलों ने किया है। व्यवस्थित रूप से आस्था के तर्क का इस्तेमाल किया गया और अल्पसंख्यक संस्थान बनाए गए और जिनके पास आरक्षण था, उनसे आरक्षण छीन लिया गया। संविधान में 80 संशोधन किसके द्वारा किए गए थे? यह कांग्रेस पार्टी है जिसका संविधान बदलने का सर्वोच्च रिकॉर्ड है। इसके बावजूद अब ये (कांग्रेस) कहने का साहस कर रहे हैं कि अन्य लोगों की मंशा संविधान बदलने की है।

# ठेकेदार द्वारा बिना मंजूरी के किया गया अवैध उत्खनन

## नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा की गई शिकायत




**पन्ना।** सकरिया से डिघोरा तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य मे मिट्टी तथा मुरूम का अवैध उत्खनन ठेकेदार रवी शंकर जयसवाल द्वारा लगातार किया जा रहा है तथा जल उपयोगी तालाब एवं अन्य स्थानो पर भी अवैध उत्खनन किया गया। जिसको लेकर नगर पंचायत गुनौर के अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह राजपूत द्वारा एसडीएम गुनौर से की गई थी। लेकिन उक्त शिकायत पर एसडीएम द्वारा तत्काल कार्यवाही नही की गई। जिसको लेकर पुन: अध्यक्ष द्वारा शिकायती पत्र एसडीएम को सौपा गया। तब जा कर एसडीएम ने जांच के लिए तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारीयों के साथ टीम का गठन किया गया। लेकिन फिर भी संबंधित ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नही की गई। बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा मुरूम तथा मिट्टी खोदने के लिए खनिज विभाग एवं नगर परिषद से भी कोई अनुमति नही ली गई है तथा लगातार मिट्टी मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है। जिम्मेदार करते रहे गुमराह गुनौर नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह द्वारा ठेकेदार मेसर्स रवि शंकर जायसवाल के द्वारा नगर परिषद गुन्नौर की बिना मंजूरी के अवैध उत्खनन करने, साथ ही तालाब फोड़ने की शिकायत दिनांक 2/5/24 को गुनौर एस डी एम रामनिवास चौधरी से की थी। नगर परिषद अध्यक्ष की शिकायत पर आनन फानन में गुनौर एस डी एम ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई थी। इतना ही जांच कमेटी द्वारा मौके पर जाकर अवैध उत्खनन की सत्यता के साथ साथ आमजन मानस के उपयोग के लिए बने पानी के तालाब को नस्ट होना भी पाया गया। सूत्रों की माने तो मौके पर गए जांच दल के पहुंचने के पहले ही दलालों के माध्यम से सूचना पहुंच गई जिस कारण मोके से मशीने हटा ली गई थी। इसके बावजूद भी गुनौर एस डी एम राम निवास चौधरी द्वारा उक्त मामले में कार्यवाही करने की जगह मामले को दवाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उक्त मामले में मीडिया सहित आमजन मानस को गुमराह किया जा रहा है। फिलहाल पूर्व में रहे तहसील दार वर्तमान एस डी एम साहब की कार्यशैली से परिचित होने के चलते पूरे मामले की शिकायत दिनांक 22/5/24 को नगर परिषद गुनौर अध्यक्ष द्वारा पत्र के माध्यम से कलेक्टर पन्ना से की है। साथ ही मांग की है। उक्त मामले पर कार्यवाही कर ठेकेदार से राजस्व की वासूली की जावे जिससे ठेकेदार दुबारा से इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति न कर सके।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन तिथि 10 जून तक बढ़ी

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ाई गई है। इच्छुक आवेदक अब आगामी 10 जून तक पंजीयन करा सकेंगे। पूर्व में अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित थी। च्वॉइस फिलिंग की सुविधा 27 मई से 10 जून तक उपलब्ध रहेगी। शासकीय आईटीआई पन्ना के प्राचार्य राजेश पटेल ने बताया कि आवेदकों की समस्या के दृष्टिगत आवेदन फॉर्म में सुधार करते हुए 10वीं की अंकसूची के आधार पर जानकारी भरने का विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है। प्रवेश के उपरांत प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का डाटा समग्र से जोड़ा जाएगा। इसलिए आवेदकों को समग्र आईडी का डाटा 10वीं कक्षा की अंकसूची के विवरण के आधार पर अपडेट करा लेना चाहिए। आईएमसी की सीटों पर इच्छुक आवेदकों को आईएमसी के लिए पृथक से च्वॉइस फिलिंग करना अनिवार्य है। संस्था में उपलब्ध आईएमसी की सीटों में एक वर्षीय व्यवसाय के अंतर्गत सीटीएस के समान ही शुल्क निर्धारित की गई है।

# जैव विविधता दिवस पर प्रतियोगिता एवं सफाई अभियान का आयोजन




**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा विश्व जैव विविधता दिवस के मौके पर गत बुधवार को छात्र-छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। शहर के एक निजी स्कूल में संपन्न हुई क्विज प्रतियोगिता में 30 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। पन्ना नेशनल पार्क के उप संचालक द्वारा निर्धारित थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जैव विविधता एवं हरित व स्वच्छ पर्यावरण का महत्व भी बताया गया। जैव विविधता दिवस पर पन्ना टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में मनौर से पाण्डव फॉल तक और अमझिरिया टेक से अकोला तक रोड के दोनों ओर सफाई अभियान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनौर तिगैला से किया गया तथा समापन समारोह कर्णावती परिसर में संपन्न हुआ। सफाई अभियान के कार्यक्रम में एनएमडीसी सहित नगर पालिका परिषद पन्ना, जेके सीमेंट, पन्ना टाइगर रिसोर्ट, केन रिवर लॉज, पगडंडी सफारी, साहस स्वयंसेवी संस्था, लास्ट वाइल्डरनेश फाउंडेशन, होटल ताज सफारी, तेंदू लीफ, होटल नाहर बाघ, जिप्सी ऑनर्स एवं गाइडों की भी महत्वपूर्ण सहभागिता रही। इस कार्यक्रम में नेशनल पार्क के क्षेत्र संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक पन्ना एवं मड़ला, परिक्षेत्र अधिकारी, वन कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिक और फायर वाचर शामिल रहे।

## जिला चिकित्सालय में तीन दिवस डायलिसिस की सुविधा नहीं मिलेगी

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना में सीसीएचबी निर्माण के लिए स्थान उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाना है। इस कारण अस्पताल की डायलेसिस यूनिट को प्राइवेट वार्ड में स्थानांतरित किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्य के दृष्टिगत जिला चिकित्सालय में 24 से 26 मई तक डायलेसिस की सुविधा नहीं मिल सकेगी।

## अभिभाषक संघ के चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार

### राजेश तिवारी, अशोक सक्सेना, राजेश दीक्षित के बीच होगा मुकाबला

**पन्ना।** जिला अभीभाषक संघ के निर्वाचन संपन्न हो रहे है। जिसमे अनेक पदो के लिए दावेदारो द्वारा पर्चा दाखिल किये गये है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राजेश दीक्षित, अशोक सक्सेना तथा राजेश तिवारी द्वारा दावेदारी की गई है। जिले मे लगभग तीन सौ पचास अभीभाषक है जिनके द्वारा वोटिंग की जोयगी तथा 29 मई को सभी सदस्य वोटिंग करेगें, उसी दिन परिणाम घोषित किये जायेगें। अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष तथा पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए भी वोट डाले जायेगें।

## बस स्टैन्ड मे आटो चालको की धमा चौकड़ी, आये दिन लगता है जाम

**पन्ना।** जिला मुख्यालय में ई-रिक्शो की संख्या लगातार बडती जा रही है तथा आटो एवं ई रिक्शो की धमा चौकडी से जगह जगह जाम की स्थिती निर्मित होती है।

## जेके सीमेंट कंपनी द्वारा लगातार लिया जा रहा अवैध रूप से केन नदी का पानी का उपयोग

### टाईगर रिजर्व के वन्य जीव हो रहे परेशान

**पन्ना।** पन्ना जिले के सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम पुरैना में स्थित जेके सीमेंट कंपनी के द्वारा केन नदी के पानी पर कब्जा किए जाने से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। नदी के बीच इंटकवेल बनाकर प्रतिदिन लाखों गेलन पानी खींचा जा रहा है, ऐसे में नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है। केन नदी में जहां इन दिनों 5 से 10 फिट तक पानी रहता था वहां अब धारा टूटने लगी है, जिससे क्षेत्र का जलस्तर लगातार घट रहा है, कुआं हेडपंप आदि भी जवाब देने लगे हैं। पेयजल संकट से क्षेत्रीय किसानों सहित पशु पक्षियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जल समस्या ग्रस्त जिले में केवल आम नागरिकों पर प्रतिबंध गर्मियों में इस बार भी कलेक्टर द्वारा पन्ना जिले को जल अभावग्रस्त जिला घोषित किया गया है, बिना अनुमति बोर उत्खनन, भवन निर्माण, सार्वजनिक जल श्रोतों से खेतों की सिंचाई सहित पानी के अधिक उपयोग वाले कई कार्य प्रतिबंधित किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर जेके सीमेंट के द्वारा मनमानी पूर्वक केन नदी का पानी खींचा जा रहा है। लोगों ने बताया कि बोर उत्खनन, भवन निर्माण या खेतों की सिंचाई की सूचना पर अधिकारी तत्काल कार्रवाई करने पहुंच जाते हैं लेकिन जेके सीमेंट की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई तो दूर अभी तक निरीक्षण भी नहीं किया गया जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पन्ना टाइगर रिजर्व में जल संकट की आहट देश की सबसे स्वच्छ नदियों में गिनी जाने वाली केन नदी पन्ना टाइगर रिजर्व से गुजरती है, गर्मियों में जंगल के जल श्रोत सूखने पर वन्य प्राणियों के लिए केन नदी ही सहारा रहती है लेकिन जेके सीमेंट की मनमानी से नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है जिससे पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों के सामने भीषण जल संकट उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। केन घड़ियाल अभ्यारण पर भी खतरा पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र में केन नदी पर स्थित केन घड़ियाल अभ्यारण पर भी खतरा बताया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि अनगिनत जलीय जीव गर्मियों में प्रजनन करते हैं लेकिन पानी की मात्रा कम होने से तापमान नियंत्रित नहीं रहता जिससे जलीय जीवों को प्रजनन में कठिनाई होती है, ऐसे में अनगिनत जीव जंतुओं की प्रजातियां विलुप्त होने की आशंका रहती है। पर्यावरण को खतरा जेके सामेंट की मनमानी से केन नदी के साथ-साथ अनगिनत जलीय जीवों की प्रजातियों एवं पर्यावरण को भी खतरा बताया जा रहा है एवं इस मनमानी को शीघ्र रोकने की मांग उठाई जा रही है, अब देखना यह होगा कि जिले के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी एवं कलेक्टर सुरेश कुमार के द्वारा जेके सीमेंट प्रबंधन की इस मनमानी के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है, यह भविष्य के गर्त में है।

## चारधाम तीर्थ यात्रियों के लिए आवश्यक निर्देश

**पन्ना।** गृह विभाग द्वारा चारधाम यात्रा के तीर्थ यात्रियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में समस्त कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराया गया है।

उत्तराखंड सरकार ने दर्शन से पहले चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत अनिवार्य पंजीकरण की व्यवस्था शुरू की है। इस बारे में उत्तराखंड सरकार द्वारा तीर्थ यात्रियों से निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया गया है। बताया गया है कि जिन तीर्थ यात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें धामों के दर्शन की कोशिश नहीं करनी चाहिए। ऐसे यात्रियों को चेक प्वाइंट से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसी तरह पंजीकरण कराने वाले तीर्थ यात्रियों को उन्हीं तिथियों पर धामों के दर्शन करना चाहिए, जिनके लिए उन्होंने अपना पंजीकरण कराया है। टूर ऑपरेटरों और ट्रेवल एजेंट को भी असुविधा से बचने के लिए यह सुनिश्चित करने के संबंध में सूचित किया गया है कि उनके द्वारा बुक किए गए तीर्थ यात्री बगैर पूर्व पंजीकरण के यात्रा पर आगे न बढ़ें।

## खेत के विवाद में पत्थर पटककर उतारा था मौत के घाट, छोटा भाई निकला युवक की हत्या का आरोपी

**सतना।** कोठी थाना क्षेत्र के दिदौंध में युवक की हत्या जमीन के विवाद पर उसके ही छोटे भाई ने पत्थर पटककर कर दिया था, जिसका चौबीस घंटे के अंदर खुलासा कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत ने बताया कि पवन पुत्र कन्छेदीलाल कुशवाहा 25 वर्ष, निवासी रतहरा-भठिया टोला, की लाश मंगलवार की सुबह गांव के ही ओबरा टोला में कच्चे रास्ते से लगे खेत पर रक्तरंजित हालत में पड़ी मिली थी। अज्ञात व्यक्ति ने सिर पर पत्थर पटककर उसे मौत के घाट उतार दिया था, तब हत्या का अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस कप्तान आशुतोष गुप्ता ने हत्याकांड के खुलासे पर 10 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया था।

इसी दौरान पता चला कि 20 मई की सुबह घर से निकलने से पहले पवन का अपने छोटे भाई नागेन्द्र उर्फ मिर्रु कुशवाहा 22 वर्ष, के साथ हुआ था। देर शाम तक युवक घर नहीं लौटा, रात तकरीबन 10 बजे किसी ग्रामीण ने ओबरा-भठिया तिराहे पर उसे नशे में धुत देखकर परिजनों को फोन कर दिया, तो मिर्रु ही भाई को वापस लाने निकल पड़ा, लेकिन डेढ़ घंटे बाद अकेले ही लौट आया। इसके बाद रात ढाई बजे एक पड़ोसी के साथ फिर से तलाश में निकला, तब पवन की लाश ओबरा-भठिया तिराहे के पास स्थित खेत में पड़ी मिली। इन गतिविधियों के चलते पुलिस को नागेन्द्र उर्फ मिर्रु पर संदेह हो गया, जिस पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो कई बार अलग-अलग बयान देने के पश्चात आरोपी ने खुलासा किया कि अक्सर नशे में रहने के कारण पवन से उसका विवाद हो जाता था। पिता की जमीन को लेकर भी तनातनी चल रही थी। वह ठेके पर खेत देना चाहता था, मगर भाई इस बात का विरोध कर रहा था। 20 मई की रात को भी जब उसके नशे में होने की सूचना मिली तो घर लाने के लिए मौके पर पहुंच गया, जहां एक बार फिर खेत को लेकर बहस हो गई। तब गुस्से में आकर भाई को धक्का देकर जमीन में गिरा दिया और वहीं पड़ा पत्थर उठाकर सिर पर पटक दिया, जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी नागेन्द्र घर आ गया और दोबारा देर रात परिजनों को गुमराह करने के इरादे से खोजबीन के बहाने निकल पड़ा। आरोपी के बयान की तस्दीक के पश्चात बुधवार की दोपहर को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## मैहर में कार्यालय में कपड़े उतार कर सोने का हुआ वीडियो वायरल

**मैहर।** सरकारी कार्यालयों में मनमर्जी का फैशन चल पड़ा है, प्रत्येक दिन कुछ न कुछ सुनाई या दियाा दे ही जाता है। ऐसा ही एक मामला फिर प्रकाश में आया है। एकवीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अश्लीलता की सारी हदें पार होती नजर आ रही है। बाबुओं के कारनामे किसी से छिपे तो नहीं हैं। वे क्या गुल खिला जाएं इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। बुधवार को इंटरनेट मीडिया में एक वीडियो दिन भर वायरल होता रहा, जिसमें नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी वृत्त बदेरा का बाबू अपने कार्यालय की कुर्सी पर अपना पैंट उतार कर सोता दिखा। हैरानी की बात तो यह रही कि इस दौरान कार्यालय में महिलाओं का आना जाना भी रहा किंतु बाबू को कोई फर्क नहीं पड़ा। लोगों का कहना था कि वह नशे में था। यदि वह नशे में भी ऐसा कर बैठा तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता। सक्षम अधिकारी तक भी यह वीडियो अवश्य पहुंचा होगा। अब देखना होगा कि ऐसे मामलों पर सक्षम अधिकारी क्या कदम उठाते हैं।

## रेडियो शाखा के प्रभारी सब इंस्पेक्टर निलंबित, ऑफिस में शराब पीते फोटो हुआ था वायरल

**सतना**

सतना पुलिस की रेडियो शाखा के कार्यालय को मयखाना बनाना शाखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर को महंगा पड़ गया। फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई तो एसपी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेडियो विजय कुमार खत्री ने सतना पुलिस की रेडियो शाखा के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश पांडेय को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। निलंबित सब इंस्पेक्टर को निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता के साथ रेडियो मुख्यालय जबलपुर अटैच कर दिया गया है।

बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर सब इंस्पेक्टर राजेश पांडेय की एक फोटो वायरल हुई थी। फोटो में राजेश पांडेय हाफ पैंट-टीशर्ट और स्लीपर पहन कर ऑफिस में बैठे नजर आ रहे थे। उनके बाजू में एक स्टूल पर शराब से भरा एक गिलास भी रखा था जबकि सामने की तरफ बैठे एक अन्य व्यक्ति के हाथ मे मोबाइल फोन था जिसकी स्क्रीन पर कोई अश्लील चित्र भी नजर आ रहा था।

फोटो वायरल होने के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री को इस पर एसपी रेडियो रीवा ने प्रतिवेदन प्रेषित किया था। एसएसपी ने सब इंस्पेक्टर एवं सतना पुलिस की रेडियो शाखा के प्रभारी राजेश पांडेय के इस कृत्य को अनुशासन के विपरीत आचरण और पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाला मानते हुए उन्हें निलंबित करने का आदेश दे दिया।

# पत्नी ने जीजा के साथ मिलकर की पति की हत्या

### अंधेहत्याकाण्ड का पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा




**पन्ना।** जिले के रैपुरा थाना अन्तर्गत बीरमपुरा निवासी गुड्डू उर्फ गंभीर आदिवासी की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते उसकी पत्नी ने जीजा के साथ की है, जिसका खुलासा पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा ने पुलिस कान्फ्रेस हाल मे पत्रकारो के समक्ष किया है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-दिनांक 18-19/05/24 की दरम्यानी रात को थाना रैपुरा में सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में रैपुरा मोहन्द्रा रोड के किनारे पड़ा है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर 108 वाहन की मदद उक्त व्यक्ति को ईलाज हेतु रैपुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टरों द्वारा उक्त व्यक्ति को मृत घोषित किये जाने पर पुलिस द्वारा मामले में मर्ग क्रमांक 13/24 धारा 174 भादवि का कायम किया जाकर जाँच में लिया गया। मामले में मृतक की पहचान गंभीर उर्फ गुड्डू गौंड निवासी बीरमपुरा का रूप में हुई। घटना के संबंध मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि मनोज यादव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में घटना की वास्तविक जानकारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रैपुरा उनि मनोज यादव के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देशो का पालन करते हुये घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया एवं शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। घटना स्थल से मिले भौतिक साक्ष्यों एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामला हत्या संबंधित होना पाये जाने पर हत्या का मामला दर्ज किया गया तथा अज्ञात लोगो के खिलाफ अप.क्र. 108/24 धारा 302 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के उचित दिशा-निर्देशन में अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा मृतक के परिजनो एवं आसपास में रहने वाले व्यक्तियों से पूँछताछ किये जाने पर जानकारी मिली की मृतक की पत्नी लक्ष्मी गौंड का अपनी बड़ी बहिन के पति (जीजा) कमलेश गौंड निवासी ग्राम मझौली थाना कुम्हारी जिला दमोह से प्रेम प्रसंग था, इसी बात को लेकर मृतक एवं मृतक की पत्नी का विवाद होता रहता था। पुलिस टीम द्वारा मामले में मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही कमलेश गौंड को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। पूँछताछ पर संदेही द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नी की मृत्यु हो जाने के बाद से मैं अपनी साली (पत्नी की बहिन) लक्ष्मी गौंड से फोन पर बातचीत करता था। मुझसे फोन पर बातचीत करने की वजह से मृतक अपनी पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करता था इसी बात से नाराज होकर मैनें अपनी साली के साथ मिलकर मृतक को मारने की योजना बनाई थी। घटना दिनांक को मैंने गंभीर गौंड (मृतक) को मोटरसाइकिल में खेत से घर छोडने के लिये बैठा लिया था और सूनसान जगह पर मैनें उसके साथ मारपीट करते हुये सीने एवं सर में पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी थी तथा उसका शव सडक किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी कमलेश गोड़ तथा लक्ष्मी गोड़ को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश करते हुए जेल भेज दिया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि मनोज यादव, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि पूर्णानंद मिश्रा, यशवंत सिंह, आर. बच्चू सिंह, महिला आर. दीक्षा ठाकुर, भारती लोधी एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# 96 प्रतिशत रहा मॉडल स्कूल मझौली का परीक्षा परिणाम




**सीधी।** सीधी जिले के मझौली विकास खंड में स्थित शासकीय मॉडल स्कूल मझौली ने यथा नाम तथा गुण को प्रदर्शित किया है। मॉडल स्कूल मझौली विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लगातार नए आयाम दे रहा है, इस वर्ष विद्यालय से हाई स्कूल परीक्षा में 75 विद्यार्थी शामिल हुए और 72 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 64 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण हुए परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 वी में 95 शामिल विद्यार्थियों में से 64 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में एवं 17 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। अधिकतर बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। यह परीक्षा परिणाम नियमित संचालित कक्षाओं तथा शिक्षकों के कड़ी मेहनत एवं लगन का नतीजा है। विद्यालय में नियमित संचालित कक्षाएँ तथा अनुशासित वातावरण होने के साथ-साथ सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित पुस्तकालय तथा सभी विषयों के सुसज्जित क्रियाशील प्रयोगशाला जहाँ विद्यार्थियों के विषय ज्ञान को सरलता से समझने एवं व्यावहारिक जीवन से जोड़ने में सहायता मिलती है। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए प्रत्येक माह शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। समय-समय पर सी सी एल ई बाल सभा, शैक्षणिक भ्रमण, कल्चरल स्कूल ट्वीनिंग, जादू नहीं विज्ञान है, करियर काउंसलिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निदानात्मक कक्षाएं तथा पेरेंट्स टीचर मीटिंग आयोजित की जाती है, जिससे अभिभावक शिक्षकों के लगातार संपर्क में रहते हुए अपने विद्यार्थियों की प्रगति से परिचित रहते हैं। विद्यालय में खेल के मैदान का अभाव होने के बावजूद यहां के 4 विद्यार्थियों का चयन इस वर्ष श्रीलंका में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह विद्यालय परिवार ही नहीं बल्कि समूचे जिले को गौरवान्वित करने का विषय है। इसके साथ ही तीन विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में भी हो चुका है। विद्यालय के प्राचार्य एस. के. नामदेव का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से ही यह सब संभव हो सका है तथा विद्यालय का समस्त स्टॉफ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। अगले वर्ष और मेहनत करेंगे जिससे शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

# मतगणना कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 26 मई को

**सीधी।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना के लिए गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 26 मई 2024 को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (नया भवन) में समय दोपहर 12 से 02 बजे तक आयोजित किया गया है। संबंधित कार्यालय प्रमुख को नामांकित किए गए गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर की सूची पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की गई है। कलेक्टर एव जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि संबंधितों को उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए निर्देशित करें एवं तामीली की सूचना एनआईसी में भेजना सुनिश्चित करें।

# मतगणना के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी की चार विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना का कार्य 4 जून को प्रात: 8 बजे से शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाएगा। मतगणना के लिए गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 26 मई 2024 को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (नया भवन) में समय दोपहर 12 से 02 बजे तक आयोजित किया गया है।



मतगणना दल को प्रथम प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 30 मास्टर ट्रेनर्स को मतगणना दल के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में ट्रेनिंग एंड अवेयरनेस की मशीनों के द्वारा हैंड्स आन भी कराया गया।

# पैरालीगल वॉलेंटियर की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार जिला न्यायालय परिसर में 25 मई को

**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलेंटियर की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। प्राधिकरण के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में स्थान जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन में दिनांक 25.05.2024 (दिन शनिवार) को समय दोपहर 02:30 बजे से साक्षात्कार होना है। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने समस्त आवेदकों को सूचित किया है कि फॉर्म में लगाये गये दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ जिला न्यायालय परिसर स्थिति ए.डी.आर. सेंटर भवन में दिनांक 25.05.2024 (दिन शनिवार) को समय 02:30 बजे से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

# अमलोरी मोड़ से माजन मोड़ परसौना सड़क मार्ग से कोयला एवं राखड़ परिवहन प्रतिबंधित

## कलेक्टर ने धारा 144 के तहत जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन एवं औद्योगिक करण के फलस्वरुप अत्याधिक संख्या में भारी वाहनो के आगमन के कारण क्षेत्र में कोयले की धूल के कारण व्यापक स्तर पर वायु प्रदूषण होता है तथा माननीय हरित अभिकरण नई दिल्ली के निर्देशो के अनुपालन के तहत जिला दण्डाधिकारी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधत्मक आदेश जारी किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक सिंगरौली की ओर से इस आशय का प्रतिवेदन एवं माननीय हरित अभिकरण नई दिल्ली द्वारा समय समय पर जारी आदेशो के अनुपालन में जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित किये जाने भारी वाहनो के आवागमन को निनियमिति किये जाने के लिए आदेश जारी करते हुये जिला दण्डाधिकारी ने अमलोरी मोड़ से माजन मोड, परसौना सड़क मार्ग से कोयला एवं राखड़ परिवहन प्रतिबंधित किया गया है साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि सिंगरौली जिले में कोयला एवं राखड़ का परिवहन करने वाले सभी भारी वाहनो का संचालन विहित प्राधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति प्राप्त कर ही किया जायेगा। एवं बंद वाहनो में ही कोयला परिवहन किये जाने की अनुमति संक्षम अधिकारी द्वारा दी जा सकेगी। जारी आदेश यह भी उल्लेख किया गया है कि यह निषेधज्ञा सम्पूर्ण जिले में 24 मई 2024 से 23 जुलाई 2024 तक प्रभावशील रहेगी।

# महान नदी से अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर जप्त

**सिंगरौली।** जियावन पुलिस ने ढोंगा महान नदी से अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, एएसपी शिवकुमार वर्मा के निर्देशन में व थाना प्रभारी जियावन राजेन्द्र पाठक के नेतृत्व में पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम ढोंगा महान नदी से एक ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66जेडसी 7156 में रेत लोड कर कुर्सी तरफपरिवहन करने के लिये जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस थाना जियावन मौके पर जाकर तस्दीक एवं कार्यवाही किया। तो ग्राम ढोंगा में एक नीले रंग का ट्रैक्टर रेत लोड किये मिला। जिसका ड्रायवर पुलिस को देखते ही फरार हो गया। ट्रैक्टर ट्राली में लोड रेत में मौके पर सम्पूर्ण कार्यवाही कर धारा 379,414 ताहि एवं 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# चोरी के 4 आरोपी चढ़े सरई पुलिस के हत्थे

## लाखों रू कीमती चोरी का सामान बरामद



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ,एएसपी शिवकुमार वर्मा के निर्देशन एवं एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सरई निरीक्षक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सरई पुलिस टीम ने लाखों रू कीमती सामान चोरी करने वाले 4 आरोपियों को चोरी के समान समेत गिरफ्तार किया है। सरई टीआई निरीक्षक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी योगेश कुमार पाटिल पिता बीएन पाटिल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम चन्द्रशेखर वार्ड सदर बैतूल थाना बैतूल जिला बैतूल हाल मुकाम प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल ठरकठैला थाना सरई के द्वारा रिपोर्ट लेख कराया गया कि शासकीय हाईस्कूल ठरकठैला भवन का मेन गेट का ताला तोड कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा शासकीय समान चोरी कर ले गये है। वहीं 1 मई को फरियादी रणजीत सिंह पिता रूद्रप्रताप सिंह उम्र 45 वर्ष निवसी गजराबहरा ने रिपोर्ट लेख कराया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान गजराबहरा का अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड कर 50 बोरी चावल चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर भादवि की धारा 457,380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपीयों की पता तलाश की गई। दौरान विवेचना संदेहीजनो से सघन पूछताछ एवं पाबंद शुदा मुखविरो की सूचना पर संदेही संतोष कुमार साहू पिता राम प्रसाद साहू उम्र 18 वर्ष, धर्मपाल सिंह पिता देवशरण सिंह उम्र 20 वर्ष, अशोक कुमार साहू पिता राम प्रसाद साहू उम्र 21 वर्ष और जगमोहन सिंह पिता रामचरण सिंह उम्र 25 वर्ष सभी निवासी ठरकठैला चौकी तिनगुडी थाना सरई को पुलिस अभिरक्षा मे लिया जाकर कडाई से पूछतांछ करने पर संदेहीजनो द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। तत्पश्चात आरोपीगणो के कब्जे से दोनो आपराध मे अलग-अलग आरोपीगणो से 30 बोरी चावल एवं तीन साउण्ड बाक्स, एक मानीटर, एक इनवर्टर, एक बैट्री जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस लिया गया। चोरी की घटना मे प्रयुक्त आटो का उपयोग किये जाने से आटो को भी जप्त किया गया है।

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 23 हजार रूपये का ईनाम घोषित

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 23 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके ईनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। ईनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का मान्य होगा। डॉ. वर्मा ने बताया कि ग्राम सुडवार थाना अमिलिया जिला सीधी के शिवकुमार रजक पिता विश्वनाथ रजक उम्र 48 वर्ष की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये, ग्राम घोपारी थाना अमिलिया जिला सीधी के संतोषी पटेल पति वृहस्पति पटेल उम्र 50 वर्ष की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये एवं दो अज्ञात फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 13 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त के संबंध में अधिक जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी से प्राप्त की जा सकती है।

# एसडीएम ने डीजल एवं पेट्रोल पम्पो का किया औचक जॉच



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा जिले में संचालित डीजल एवं पेट्रोल पम्पो की नियमित जॉच हेतु अनुविभाग स्तर पर विगत दिवस जॉच दल गठन किया गया है। जिसमें जिले में संचालित समस्त पेट्रोल पम्पो का जॉच कर दां दिवस के अंदर जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसमें मुख्य रूप से जॉच के विंदु विस्फोटक लायसेंस का नवीनी करण है या नही पेट्रोल पम्प के मैप में एक्सप्लोसिव लायसेंस में कितने टैकर डिलवरी यूनिट अन्य उपकरण जैसे हवा मशीन, पानी, कूलर, स्थापित है कि नही। सभी लयसेंस नवीनीकरण पम्प पर आवश्यक सुविधाऐ जैसे प्राथमिक चिकित्सा, शिकायत पेटी, बाथरूम अग्निरोधक यंत्र, डीजल पेट्रोल की रेट सूची, आपातकाली फोन नम्बरो की सूची अनिवार्य रूप से जॉच कर प्रतिवेदन दिये गये है। उक्त निर्देश के परिपालन में जिले के उपखण्ड अधिकारियो द्वारा अपने अपने क्षेत्रो के पेट्रोल पम्पो का गठित दल के साथ औचक निरीक्षण किया गया। इसी कड़ी में उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के द्वारा अपने दल के साथ सितुलखुर्दए राजा सरई एवं आहूजा पेट्रोल पम्प की औचक जॉच की गई।

# पिपरा में गोबर गैस निर्माण लिए एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि



**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र नागेश के मार्गदर्शन में ग्रामीण अंचल में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एवं उनके स्वास्थ्य ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी सीएसआर मद द्वारा पिपरा में गोबर गैस निर्माण कार्य हेतु रूपये 750000 की सहायता प्रदान की गई। जिससे कि वर्तमान में संचालित हो रहे 75 बायोगैस को 10000 के हिसाब से उक्त राशि प्राप्त हो पाएगी। यह राशि पिपरा ग्राम संगठन के माध्यम से व्यय की जा रही है महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके जैविक खेती का उत्पादन कर सकें एवं पर्यावरण को सुरक्षित रख सके इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव प्रयास किया जा रहा है वर्तमान में पिपरा ग्राम पंचायत में 124 बायोगैस बनाया जाना है जिसमें से 37 बायोगैस संचालित व 47 बायो गैस बन के तैयार हैं।

# 65 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**सिंगरौली।** नौडिहवा चौकी पुलिस ने 65 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। यह कार्यवाही एसपी निवेदिता गुप्ता के निर्देशन व एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी गढ़वा अनिल कुमार पटेल के देखरेख में नौडिहवा चोकी प्रभारी उदयचंद करिहार ने की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम क्योंटली का दीपचंद्र जायसवाल पिता विश्वनाथ महुआ शराब अपने घर के पीछे परछी में बिक्री करने के लिए रखा है। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी ने तस्दीक के लिए एक टीम रवाना किया। जहां तस्दीक के दौरान एक जरेकिन में 35 लीटर व दो प्लास्टि के डिब्बो में 30 लीटर महुआ शराब मिला। तथा 3 क्विंटल के लगभग महुआ लाहन नष्ट कराया गया। पुलिस ने आरोपी को कुल 65 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए आबकारी एक्ट की धारा 34(2)के तहत कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। उक्त कार्यवाही में नौडिहवा चौकी प्रभारी उदयचंद करिहार,सउनि रमेश प्रसाद साकेत, प्रआर प्रमोद बैस, आर.सहजानंद सिंह,आर पुष्पराज सिंह एवं आरक्षक राजा की भूमिका रही।

# खुद से की गई मेहनत के परिणाम हमेशा सफलतादायी होता हैं : कलेक्टर



**सिंगरौली।** खुद से की गई मेहनत के परिणाम हमेशा सफ्लतादायी होता हैं। हमेशा बड़ी जिम्मेदारी उठाने के बारे में सोचें। पढ़ाई से हटकर कम्पटीशन के माध्यम से प्रतिभाओ को सामने लाने का अवसर मिलना चाहिए। उक्त आशय के विचार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्टर सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान योजना के तहत जिला स्तर में उतकृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने मेधावी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलता है जब उसे सही मार्गदर्शन एवं सुविधा मिले। जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान के लिए तीन विंदुओ में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें चित्रकला, रिसर्च एवं वैकल्पिक प्रश्न पत्र के विषय शामिल थे। जिसमें डीपीएस, डी.पाल तथा डीएव्ही विद्यालय के बच्चो द्वारा उतकृष्ट प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर ने मेधावी छात्रो को प्रशास्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। जिसमें गोल्ड मेडल से ओम जायसवाल, साक्षी कुमारी, अभिनव तिवारी,आरएन जायसवाल सम्मनित किया गया। सिल्वर मेडल से इशिता राय, अनामिका कुशवाहा, अंकिता, रोजी प्रजापति, सुहाना गुप्ता,आशीष राणा, शिवम बैस को सम्मनित किया गया।

# खड़ी ऑटो को ठोकर मारते हुए अनियंत्रित पिकअप पलटा,चार घायल



**सिंगरौली।** माड़ा थाना क्षेत्र बंधौरा चौकी अंतर्गत शुक्रवार को लगभग 11 बजे रैली तिराहा पर खड़ी ऑटो को रजमिलान तरफ तेज रफ्तार जा रहा पिकअप वाहन जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गया। ,जहां इस घटना में ऑटो में सवार चार लोग गंभीर रुप से घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें पुलिस व स्थानीय लोगो की मदद से उपचार के लिए सामदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खूटार मे भर्ती कराया गया।

# आज सिंगरौली में होगा विंध्य लोक रंग महोत्सव

## मान्या पाण्डेय सहित बिहार, उत्तर प्रदेश, मप्र के लोक कलाकारों की होगी प्रस्तुति




**सिंगरौली।** उत्थान सामाजिक संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के द्वारा बैढ़न में आज शनिवार 25 मई को विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन मंगलम् पैलेस बिलौजी बैढ़न जिला सिंगरौली में आयोजित किया जाएगा। उक्त समिति के व्दारा रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रत्येक जिलों में विंध्य लोकरंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के लोकगीतों के साथ लोक गायक नरेन्द्र बहादूर सिंह, कपिल तिवारी, हरिश्चंद्र मिश्रा, बिहार आरा के लोक गायक सुभाष राय, नवीन नितेश पाण्डेय बनारस उत्तर प्रदेश, लोक गायिका सोनम मिश्रा, रावेन्द्र तिवारी, कर्णबीर सिंह तोमरए पवन शुक्ला सहित विंध्य के लोक कलाकरों के द्वारा प्रस्तुति दी जाती है। उत्थान सामाजिक,सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के अध्यक्ष हरिश्चंद्र मिश्रा ने बताया कि हमारी समिति विंध्य की लोक कला एवं लोक पराम्परा के विस्तार के लिए विगत 12 वर्षो से काम कर रही है और प्रति वर्ष विभिन्न महोत्सवों के द्वारा स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करती है और पुराने लोक कलाकारों का सम्मान करती है। जिससे वर्षो पुरानी हमारी संस्कृति और हमारे लोक गीत आगे बढ़ते रहें। विंध्य लोक रंग महोत्सव के संयोजक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन विंध्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 13 मई को विधि मैरिज गार्डन रामनगर जिला मैहर में किया जा चुका है। उसके बाद 14 मई मैहर इन होटल, विंध्य की धार्मिक नगरी मां शारदा की भूमि मैहर में एवं 16 मई को श्री शाइन मैरिज गार्ड सिंधु स्कूल के बगल में सतना में 19 मई को मानस भवन, नगर पालिका के सामने शहडोल, 20 मई को स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी अनूपपुर में आयोजित किया जा चुका है। इसी क्रम में आज 22 मई बुधवार को सामुदायिक भवन उमरिया में आयोजित किया गया है। इसके आज 25 मई को मंगल पैलेस बिलौजी सिंगरौली, 27 मई को सात फेरे मैरिज गार्डन मउगंज, 1 जून को हनुमान मंदिर परिसर कपुरी कोठार सीधी में किया जायेगा। उक्त महोत्सव का समापन 10 जून को राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में किया जायेगा। नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि विंध्य महोत्सव का आयोजन विंध्य के हर जिले में जन सहयोग से किया जा रहा है। सभी जिलों के लोग देश की देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के लोक गीतों को सुनने के लिए काफी उत्साहित है और लोग उत्साह के साथ विंध्य महोत्सव में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## संपादकीय

### जम्मू-कश्मीर -लोकतंत्र के लिए सराहनीय

इस बार के आम चुनाव में जब बहुत सारी जगहों पर मतदान में उत्साह की कमी देखी जा रही है, कश्मीर घाटी से इसमें बढ़ोतरी के आंकड़े वहां के लोगों में लोकतंत्र के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत देते हैं। बारामूला में अट्ठावन फीसद से ऊपर मतदान हुआ। सोपोर में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में चार फीसद बढ़ कर इस बार चौवालीस फीसद मतदान दर्ज हुआ। ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं, जब कश्मीर के कई हिस्सों में माहौल अनुकूल नहीं है। मतदान से एक दिन पहले आतंकवादियों ने शोपियां में एक स्थानीय नेता की गोली मार कर हत्या कर दी थी। पहलगाम में भी एक पर्यटक दंपति को निशाना बनाया गया था। आतंकी संगठन लगातार स्थानीय लोगों पर मुख्यधारा की व्यवस्था में हिस्सेदारी से दूर रहने का दबाव बनाते रहे हैं। थोड़े-थोड़े समय पर हो जाते आतंकवादी हमलों से यही लगता था कि दहशतगर्दों को स्थानीय लोगों का समर्थन हासिल है और वे उन्हें पनाह देते हैं। फिर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद जिस तरह घाटी में लगातार असंतोष नजर आ रहा था, उससे यही आशंका बनी हुई थी कि वहां के लोग चुनावों में उत्साह नहीं दिखाएंगे। शायद यही भय था कि निर्वाचन आयोग ने भी वहां लोकसभा के चुनाव कराने की घोषणा तो कर दी, पर विधानसभा चुनावों को टालना बेहतर समझा। मगर लोकसभा चुनाव में जिस तरह वहां लोग मतदान के लिए घरों से निकले, उससे साफ हो गया है कि उन्होंने दहशतगर्दों के दबाव की परवाह न करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा जताया है। लोग मुख्यधारा व्यवस्था से जुड़ना चाहते हैं। इससे स्वाभाविक ही घाटी और राष्ट्रीय स्तर के सियासी दलों और निर्वाचन आयोग का भी उत्साह बढ़ेगा। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर के आम लोग दरअसल अमन चाहते हैं। दहशतगर्दी से उनकी जिंदगी में दुश्वारियों के सिवा और कुछ नहीं आता।

झ

# साइबर संसार में संवेदनहीन समाज

(पवन दुग्गल, साइबर कानून विशेषज्ञ)

साइबर दुनिया में किसी को हद से अधिक कलंकित करके खुदकुशी के लिए मजबूर कर देना ट्रोलिंग का एक भयावह रूप है। दुर्भाग्य से तमिलनाडु की घटना इसी श्रेणी की है, जो हर संवेदनशील इंसान को झकझोर रही है। कोई मां जान-बूझकर अपने बच्चे का बुरा नहीं करती, लेकिन लोगों के ताने ने उस मां को इतना तोड़ दिया कि उसने खुद अपनी जान ले ली। इस ट्रोलिंग की शुरुआत अप्रैल के आखिरी हफ्ते में आए उस वीडियो से हुई, जिसमें पहली मंजिल पर लटके एक छोटे बच्चे को बचाने की सफल कोशिश होती दिख रही थी। बताया गया था कि चौथी मंजिल पर खड़ी मां के हाथों से वह बच्चा छिटककर नीचे गिर गया था। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही मां को सोशल मीडिया में लापरवाह बताया जाने लगा। अब खबर यह है कि लांछनों से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

अब तक हम यही सोचते थे कि ट्रोलिंग पश्चिमी देशों में ही होती है और अगर अपने यहां होती भी है, तो नामचीन शख्सियतों की। मगर अब तो यह आम जनजीवन का हिस्सा बनती जा रही है। इसका कारण यही है कि भारत में 'द ग्रेट इंडियन वोमिटिंग रिवॉल्यूशन' (भारतीयों का वमन-क्रांति) चल रही है। अब लोग अपने विचार, डाटा, सोच और नजरिये की बिना यह सोचे इंटरनेट पर उल्टियां कर रहे हैं कि इसके कानूनी स्वरूप क्या होंगे? ट्रोलिंग भी एक तरह की उल्टी ही है, जिसमें सामने वाले व्यक्ति को बिना सोचे-समझे अपशब्द कहे जाते हैं। ऐसा करते हुए यह भी नहीं सोचा जाता कि व्यक्ति-विशेष के जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

अब ट्रोलिंग इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि लोगों को पता है कि वे अनीतिपूर्ण हमले करने के बावजूद कानूनी गिरफ्त से बच सकते हैं। ट्रोलिंग रोकने के लिए अब तक अपने यहां कोई तयशुदा कानून नहीं बन सका है। देश में सन् 2000 का सूचना प्रौद्योगिकी कानून (आईटी ऐक्ट) जरूर है, लेकिन वह न तो 'ट्रोलिंग' शब्द को परिभाषित करता है और न इस संदर्भ में कोई कानूनी समाधान देता है। दुखद यह है कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में भी इसका कोई जिक्र नहीं है। हां, 'स्टॉकिंग' यानी लड़कियां अथवा महिलाओं का गलत इरादे से पीछा करने जैसे अपराधों का जिक्र आईपीसी में जरूर है और कुछ परिस्थितियों में स्टॉकिंग को ट्रोलिंग भी कह सकते हैं, लेकिन ट्रोलिंग की ज्यादातर घटनाएं स्टॉकिंग नहीं कही जा सकतीं। ट्रोलिंग में ट्रोलर्स दरअसल लक्षित व्यक्ति को गाली देते हैं, उसे नीचा दिखाते हैं, उस पर लांछन लगाते हैं और अपने दैनिक जीवन में रम जाते हैं, जबकि स्टॉकिंग का चरित्र इससे अलग होता है।

सूचना प्रौद्योगिकी कानून की सहायता से यदि



ट्रोलिंग रोकने की कोशिश करें, तो धारा 67 कुछ हद तक हमारी मदद कर सकती है, क्योंकि जब किसी व्यक्ति को ट्रोल किया जाता है, तो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कुछ ऐसे शब्द या कंटेंट प्रसारित किए जाते हैं, जिनको पढ़ने, सुनने या देखने के बाद लक्षित व्यक्ति पर नकारात्मक असर पड़ता है। मगर यह धारा मूलतः इलेक्ट्रॉनिक रूप से अश्लील सामग्रियों के प्रकाशन और प्रासरण से जुड़ी है, इसलिए ज्यादातर मामलों में पुलिस ट्रोलिंग में इसके इस्तेमाल से बचती है।

ट्रोलिंग से यदि मानहानि होती है, तो आईपीसी की धारा 499 और 500 का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ये धाराएं भी इसलिए कारगर नहीं हो पातीं, क्योंकि ट्रोलिंग एक तरह से टिप्पणी है और मानहानि न होने पर ये धाराएं निष्प्रभावी हो जाती हैं। हालांकि, फर्जी अकाउंट से यदि ट्रोलिंग की जा रही है, तो जालसाजी और पहचान छिपाने के खिलाफ आईटी ऐक्ट की धारा 66-सी के तहत कार्रवाई हो सकती है और अगर ट्रोलिंग से गुमराह करने की कोशिश की गई है, तो धारा 66-डी लगाई जा सकती है।

इसी तरह, ट्रोलिंग में यदि झूठ लिखा जा रहा हो और लोगों को भ्रमित करने की मंशा दिखती हो, तो आईपीसी की धारा-468 और 469 के तहत कार्रवाई की जा सकती है, जिनमें सजा और जुर्माना, दोनों के प्रावधान हैं। और, अगर ट्रोलिंग के साथ स्टॉकिंग हो, तो कुछ हद तक आईपीसी-354 के तहत कार्रवाई हो सकती है। मगर ये भी ट्रोलिंग से निपटने के परोक्ष तरीके हैं, कोई प्रत्यक्ष उपाय नहीं। हालांकि, इसका यह अर्थ भी नहीं कि बतौर नागरिक हमारे पास कोई रास्ता नहीं है। आत्महत्या करने के बजाय हमें ट्रोलिंग की शिकायत साइबर क्राइम की वेबसाइट पर करनी चाहिए। इसके लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर से भी मदद ली जा सकती है।

जब तक कोई समर्पित कानून न बने, तब तक ट्रोलर्स से सीधे मुकाबला करने से भी हमें बचना चाहिए। अगर आप इसके भुक्तभोगी बनते हैं, तो पहले अपने परिजनों को विश्वास में लें। इसकी शिकायत सोशल मंच प्रदान करने वाली कंपनी से भी की जा सकती है। आईटी रूल्स 2021 के तहत सेवा देने वाली कंपनी से ट्रोलर्स के सोशल अकाउंट की शिकायत की जा सकती है, जिसमें अधिकतम 15 दिनों में कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। अगर अश्लील शब्दों के साथ ट्रोल किया गया है, तो 24 घंटे के अंदर शिकायत के निवारण का प्रावधान आईटी कानून में है।

कुछ लोग तर्क देते हैं कि अपने देश में कानून बनाने का रास्ता काफी लंबा है, लेकिन ट्रोलिंग के मामले में हमें एक सुविधा हासिल है। दरअसल, सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा-87 केंद्र सरकार को इस कानून के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तमाम प्रावधान अपनाने का अधिकार देती है। इसका उपयोग किया जा सकता है। फिर, हमें दूसरे देश का मुंह नहीं ताकना चाहिए, क्योंकि भारत की जमीनी हकीकत अन्य राष्ट्रों से अलग है। चेन्नई मामले में ही मां को कोसा गया, जबकि पश्चिमी देशों में मां और बच्चे का संबंध अपने यहां से अलग होता है। चूंकि हमारी संस्कृति, हमारे मूल्य व परिवेश विदेश से अलग हैं, इसलिए ट्रोलिंग को लेकर हमारा कानून भी अलग होना चाहिए।

ज्यादातर मामलों में ट्रोलर्स वीपीएन, यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं, जिससे वे अपनी पहचान छिपा लेते हैं, इसलिए इनको पकड़ने के लिए हमें खास उपाय अपनाने होंगे। यहां पुलिस अधिकारियों को भी संवेदनशीलता दिखानी होगी। उनको भुक्तभोगियों का दर्द महसूस करना होगा। हालांकि, आम लोगों को भी साइबर सुरक्षा को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। तभी वे साइबर अपराध का शिकार बनने से बच सकेंगे। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# हर बात पर खुद से पूछिए सवाल- क्यों?

**आपने देखा होगा छोटे बच्चे लगभग हर बात पर आपसे सवाल पूछते हैं क्यों? वे अपनी जिज्ञासा शांत करना चाहते हैं। जिज्ञासा ही उनमें जीवन के प्रति उमंग भरती है। अगर आपको भी बच्चों की तरह उमंग वाला जीवन जीना है, तो जिज्ञासा पैदा करनी होगी। आपको भी पूछना होगा क्यों? ऐसा क्यों होता है? ऐसा क्यों हुआ? ऐसा क्यों नहीं हो सकता? एक क्यों से न जाने कितनी जिज्ञासाएं जुड़ी हुई हैं। जब आप अपनी जिज्ञासाओं को शांत करते हो, तो यही प्रक्रिया आपको बहुत कुछ नया भी सिखा जाती है। आप अपने ही विचारों, अपने ही इमोशंस और अपने ही व्यवहार को लेकर सवाल पूछ सकते हो कि ऐसे विचार अगर आ रहे हैं, तो क्यों आ रहे हैं। ऐसे इमोशंस आप महसूस कर रहे हो, तो क्यों कर रहे हो। आपके किसी खास तरह के व्यवहार की वजह क्या है? सवाल पूछने से ही हम प्रभाव से कारण की ओर गति करते हैं।**

(सुंदरचंद ठाकुर)

अगर अब तक नहीं पूछा तो अब पूछिए मगर पूछिए जरूर। खुद से पूछिए क्यों? क्योंकि ऐसा सवाल पूछने से आपको जिंदगी के कई सवालों के जवाब मिलेंगे, आप जागरूक बनेंगे और तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। अगर आप 'क्यों' पूछना शुरू करते हैं, तो सबसे पहले तो इससे आपकी क्रिटिकल थिंकिंग बढ़ेगी। आप बेहोशी में ही कोई काम करते नहीं चले जाओगे। आप चीजों के, घटनाओं के, अपने बर्ताव के, खुद को मिलने वाली असफलताओं और दूसरे परिणामों के भीतर उतरने की कोशिश करोगे कि अगर कुछ नहीं हुआ, तो क्यों नहीं हुआ, कुछ हुआ, तो क्यों हुआ। आप किसी भी सूचना को ऐसे ही स्वीकार नहीं कर लोगे। जब आप 'क्यों' पूछना शुरू करोगे तो आप अपने जीवन की खरपतवार को छांटना शुरू कर दोगे और जीवन में सिर्फ मीनिंगफुल को ही जगह दोगे।

आपने देखा होगा छोटे बच्चे लगभग हर बात पर आपसे सवाल पूछते हैं क्यों? वे अपनी जिज्ञासा शांत करना चाहते हैं। जिज्ञासा ही उनमें जीवन के प्रति उमंग भरती है। अगर आपको भी बच्चों की तरह उमंग वाला जीवन जीना है, तो जिज्ञासा पैदा करनी होगी। आपको भी पूछना होगा क्यों? ऐसा क्यों होता है? ऐसा क्यों हुआ? ऐसा क्यों नहीं हो सकता? एक क्यों से न जाने कितनी जिज्ञासाएं जुड़ी हुई हैं। जब आप अपनी जिज्ञासाओं को शांत करते हो, तो यही प्रक्रिया आपको बहुत कुछ नया भी सिखा जाती है। आप अपने ही विचारों, अपने ही इमोशंस और अपने ही व्यवहार को लेकर सवाल पूछ सकते हो कि ऐसे विचार अगर आ रहे हैं, तो क्यों आ रहे हैं। ऐसे इमोशंस आप महसूस कर रहे हो, तो क्यों कर रहे हो। आपके किसी खास तरह के व्यवहार की वजह क्या है? सवाल पूछने से ही हम प्रभाव से कारण की ओर गति करते हैं।

सवाल अगर नहीं पूछते तो हम प्रभाव में ही अटके रहते हैं। जैसे जी रहे हैं, जो नुकसान उठाते हुए जी रहे हैं, वैसे ही जीते रहते हैं। क्योंकि हमें पता ही नहीं चल पाता कि इसकी वजह क्या है। यह जानना कि हमारा कौन-सा व्यवहार हमें जीवन में प्रोग्रेस की ओर ले जा रहा है और कौन-सा व्यवहार हमें अवनति की ओर ले जा रहा है, हमें अपने हित में पॉजिटिव फैसले लेने में मदद करता है। ऐसा भी होता है कि जब हम किसी लक्षण को लेकर सवाल पूछते हैं कि हमारे जीवन में कुछ भी क्यों हो रहा है, तो वह सवाल हमें मूल समस्या की ओर ले जाता है। मसलन कोई इस बात को लेकर सवाल पूछ सकता है कि आजकल मुझे दिन में ज्यादा नींद क्यों आ रही है। ऐसा जानने के बाद आप अपनी नींद के प्रति सचेत बनोगे, जागरूक बनोगे और नींद पर नजर रखोगे। यह नजर रखना आपको नींद पूरी न होने या ठीक से न आने की वजह तक पहुंचाएगा। पता चला कि आपके छाती के बल लेटने से समस्या हो रही है या एसी चलाकर सोने से दिक्कत हो रही है या आप खाना बिना पचे ही सोने की गलती कर रहे हो। सवाल पूछोगे, तो जवाब की ओर जाओगे और इस तरह आपको समस्याओं का समाधान मिलना शुरू होगा।

यह तो थी खुद के व्यवहार को लेकर सवाल पूछने की बात, जब आप दूसरों के व्यवहार को लेकर सवाल पूछोगे, तो आपको दूसरों की परेशानियां समझ में आएंगी, दूसरों की तकलीफ का अंदाज होगा। कोई दूसरा व्यक्ति किसी खास तरीके से क्यों काम कर रहा है यह सवाल आपको उसकी परेशानियों और तकलीफों की ओर ले जाएगा और उसके प्रति आपके व्यवहार में क्रोध और भर्त्सना की जगह सहानुभूति और करूणा लाएगा।

एक और बात यह कि जब आप खुद से 'क्यों' पूछेंगे तो अपने कामों को करने के बेहतर तरीके खोजेंगे, पर जब आप दूसरों के काम को लेकर 'क्यों' पूछोगे कि क्यों वे किसी काम को किसी खास तरह से करते हैं, तो आपको दूसरों के अच्छे कामों की वजह भी मालूम चलेगी और आप इन वजहों को अपने जीवन में भी अपना सकेंगे। क्यों पूछने का एक और पहलू यह है कि जब हमें अपने कार्यों, व्यवहार और मूल्यों को लेकर 'क्यों' का जवाब पता होता है, तो हमारा खुद पर भरोसा बढ़ता है, हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। तब हम दूसरों को बहुत प्रभावी तरह से अपने काम और व्यवहार के बारे में बता पाते हैं।

कुल मिलाकर यह कि एक अकेला 'क्यों' हमारे जीवन की कई गुत्थियों को खोल साकता है, कई परेशानियों को दूर कर सकता है और जीवन को कई स्तरों पर कहीं बेहतर बना सकता है। इसलिए दूसरों से पूछो न पूछो, पर खुद से हर बात पर सवाल पूछो- क्यों? ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5380

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | ■ | 14 | 15 | | ■ | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| 20 | | 21 | ■ | ■ | 22 | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह अंतरजाल पर स्थित एक निशुल्क सामाजिक नेटवर्किंग सेवा है (4)
4. मुगल शासक शेरशाह का असली नाम यह था, उसे शेर खां की उपाधि बहार खां लोहानी ने दी थी (3)
7. आसमान, गगन, अंबर, आकाश (3)
8. पुरूषोत्तम मास, अधिमास (4)
9. स्वास्थ्य, तंदुरूस्ती (3)
10. कैदखाना, बंदीगृह, कारागृह (2)
11. फल आदि के अंदर का गुदगुदा भाग, किसी चीज के अंदर का गोला गाढ़ा सार भाग, मज्जा (2)
14. मन प्रसन्न करने की क्रिया, क्रीड़ा, विलास (3)
16. दो की संख्या, निग्रह (2)
18. तनने की क्रिया, खिंचाव, द्वेष (3)
20. ग्राम, गांव (3)
22. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर निकला हुआ बालों का गुच्छा (3)
24. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
25. संगीत का ऋषभ सूचक शब्द (1)
26. धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तागा या तुंत, टेलीग्राम (2)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. श्वसन तंत्र संबंधित एक अंग (3)
2. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)
3. पुस्तक विक्रेता को अंग्रेजी में यह कहते है (5)
4. नतीजा, परिणाम, कर्मो का भोग (2)
5. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (4)
6. दो अंकों की सबसे छोटी संख्या (2)
8. मतों की गिनती (5)
12. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
13. सुप्रसिद्ध कृति गीत-गोविंद के रचयिता (4)
15. राय, दार्शनक प्रणाली, वोट, अभिप्रेत (2)
17. विशाल, श्रेष्ठ, बहुत बड़ा (3)
19. बगला नामक पक्षी को यह भी कहते है (2)
21. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि बनाने की काम आती है (2)
23. कोमल कांड, सुंदर स्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम) (2)

### वर्ग पहेली 5379 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पे | न | ■ | अ | ज | ■ | ■ | ■ |
| श | म | क | ■ | ल | ह | रा | ना |
| ल | क | वा | ■ | ज | य | मा | ला |
| ■ | ह | य | शा | ला | ■ | नु | ■ |
| फौ | ला | द | ■ | ■ | मा | ज | रा |
| ज | ल | ■ | अ | म | न | ■ | शि |
| ■ | ■ | बा | जा | ■ | हा | थ | ■ |
| प्र | ज | न | न | ■ | नि | ल | य |

# हमास और इजराइल के बीच जारी जंग की जिम्मेदारी तय कर दोषियों को सजा देने की जरूरत

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने सोमवार को युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया।

यह समझना मुश्किल है कि हमास और इजराइल के बीच जारी जंग से अब तक हासिल क्या हुआ है, लेकिन इतना साफ है कि इस त्रासदी में मानवता कराह रही है। कहने को दुनिया के वे देश भी मानवता की दुहाई देते हैं, जिनके हमलों में सैनिकों से ज्यादा निर्दोष आम लोगों की जान चली जाती है। यों तो बहुत कुछ तबाह करने के बाद आखिर किसी बिंदु पर युद्ध खत्म होता है, लेकिन उसके बाद हजारों लोगों की मौत के लिए शायद ही किसी की जिम्मेदारी तय की जाती है।

मगर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने सोमवार को युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया। अदालत ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित वहां के दो नेताओं और हमास के तीन नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की भी घोषणा की। मगर इजराइल ने खुद को 'लोकतांत्रिक' बताते हुए अदालत के इस रुख को 'वास्तविकता से कोसों दूर' बताया और हमास ने खुद को 'पीड़ित' कहा और इजराइल की तुलना 'जल्लाद' से की है। मगर प्रतीक रूप से भी देखें तो आइसीसी के फैसले की अपनी अहमियत है।

करीब सात महीने पहले इजराइली सीमा में घुस कर हमास का आतंकी हमला निश्चित तौर पर बर्बरता की पराकाष्ठा था। इसके लिए वह दुनिया भर के मानवतावादियों के निशाने पर है। मगर हमास के उस हमले के जवाब में अब तक इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, वह अब दुनिया भर के लिए चिंता का सबब बन गया है।

हमास के हमले में करीब बारह सौ आम लोगों की जान चली गई थी, उसके जवाब में इजराइल की सैन्य कार्रवाई में अब तक पैंतीस हजार से ज्यादा आम फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। उनमें एक बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। इजराइली हमले में अस्पतालों और हमले से बचने की पनाहगाहों को भी नहीं बख्शा गया। इजराइल के हमास पर हमले में कितने आतंकी मारे गए, यह साफ नहीं है, लेकिन इस क्रम में हजारों निर्दोष आम फिलिस्तीनियों को मार डाला गया। सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे कत्लेआम की जिम्मेदारी तय कर क्या दोषी को सजा दी जा सकेगी।

## आज का राशिफल

### मेष
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

### वृषभ
सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

### मिथुन
सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

### कर्क
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करें।

### सिंह
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

### कन्या
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

### तुला
शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

### वृश्चिक
यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

### धनु
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

### मकर
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

### कुंभ
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

### मीन
सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के प्रवक्ता वाले बयान का जन सुराज पार्टी ने किया खंडन



नईदिल्ली, एजेंसी। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता बन गए हैं? कांग्रेस के इस दावे का जन सुराज पार्टी ने खंडन किया है। साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश पर झूठी खबरें फैलाने के आरोप लगाए हैं। जन सुराज ने इससे जुड़ा एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। किशोर साल 2014 में भाजपा के साथ रणनीतिकार के तौर पर काम कर चुके हैं। इसके अलावा वह तृणमूल कांग्रेर, वाईएसआरसीपी के साथ भी काम कर चुके हैं। जन सुराज ने रमेश पर झूठी खबर की तस्वीर साझा करने के आरोप लगाए हैं। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विडंबना देखिए कि कांग्रेस और राहुल गांधी आप सभी फेक न्यूज के बारे में बात करते हैं और दावा करते हैं कि आप उसके पीड़ित भी है। अब आप खुद को देखिए कि कैसे कांग्रेस के संचार प्रमुख जयराम रमेश खुद ही फर्जी दस्तावेज शेयर कर रहे हैं। जन सुराज ने इससे जुड़ा एक स्क्रीनशॉट भी साझा किया है, जिसमें कथित दस्तावेज नजर आ रहा है। इस पर लिखा है, भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रशांत किशोर को भाजपा का मुख्य राष्टीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गई है। हाल ही में एनडीटीवी से बातचीत में किशोर ने कहा था कि भाजपा के खिलाफ व्यापक स्तर पर कोई गुस्सा नहीं है। साथ ही उन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की थी। उनका कहना था कि इस चुनाव में भाजपा की सीटों की संख्या 2019 में मिलीं 303 सीटों के आसपास या इससे ज्यादा हो सकती हैं।

### अमेठी के बाद अब पूर्वांचल में उतरेंगी प्रियंका गांधी, आज सीएम योगी के गढ़ में अखिलेश संग मांगेंगी वोट

रुद्रपुर, एजेंसी। पूर्वी यूपी में लोकसभा चुनाव अंतिम दौर में है। सभी राजनीतिक दलों ने पूर्वांचल में अपनी ताकत झोंक दी है। शनिवार को इंडिया गठबंधन अपने प्रत्याशियों के समर्थन में सहारा इस्टेट स्थित क्रिकेट ग्राउंड में जनसभा का आयोजन कर रहा है। सीएम योगी आदित्?यनाथ के इस गढ़ में रैली का संयोजन समाजवादी पार्टी कर रही है। इसमें समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ कांग्रेस की राष्टीय महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। गुरुवार को प्रियंका गांधी का कार्यक्रम फाइनल हो गया। जनसभा स्थल पर वह दिन में 200 बजे पहुंचेंगी। यहीं से अखिलेश यादव और प्रियंका गांधी समर्थकों को में जोश भरेंगी। इसको लेकर दोनों दलों की तैयारियां तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने बताया कि पार्टी को प्रियंका गांधी का कार्यक्रम मिल गया है। रैली में कांग्रेस के राष्टीय महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय भी मौजूद रहेंगे। उधर, प्रियंका गांधी की बांसगांव के प्रत्याशी के समर्थन में रुद्रपुर विस के बरांव में 25 मई को होने वाली जनसभा स्थगित हो गई है। कांग्रेस के राष्टीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कांग्रेसजनों का आह्वान किया कि राष्टीय महासचिव प्रियंका गांधी बाड्रा की शनिवार को सहारा इस्टेट में होने वाली जनसभा स्थल पर बड़ी संख्या में पूरे जोश के साथ पहुंचे। पटेल, गुरुवार को सबीहा सब्ज़पोश के आवास पर जनसभा की तैयारी बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### हाथ में तखतियां लिए सड़क पर उतरीं की डीडीयू छात्राएं, यूनिवर्सिटी का माहौल गर्म

गोरखपुर, एजेंसी। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास खाली कराए जाने और अगले सत्र से नए सिरे से सभी को अलाटमेंट के कथित आदेश का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर लगातार तीसरे दिन छात्राओं का प्रदर्शन जारी रहा। इससे पहले छात्राओं ने महारानी लक्ष्मीबाई छात्रावास से लेकर डीडीयू के मेन गेट तक जुलूस निकाला। लंबे समय बाद किसी मामले को लेकर छात्राएं सड़क पर उतरीं तो शाम होते-होते माहौल गरमाने लगा। छात्र संगठन दिशा की अंजली के नेतृत्व में करीब 50 छात्राएं अपराह्न साढ़े तीन बजे रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास के गेट पर जुटीं। वहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए डीडीयू के मेन गेट पर पहुंचीं। वहां काफी देर तक प्रदर्शन के बाद मुख्य नियंता प्रो. सतीश चन्द्र पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। छात्राओं ने ज्ञापन में छात्रावास खाली कराने का फैसला वापस लिए जाने, छात्रावासों की मरम्मत योजनाबद्ध तरीके से कराए जाने और तब तक छात्राओं को वैकल्पिक व्यवस्था दिए जाने, जो छात्राएं घर जा रही हैं उनके सामान को सुरक्षित रखने के लिए स्टोर रूम की व्यवस्था किए जाने, सीजीपीए के आधार पर हॉस्टल के रिअलाटमेंट का नियम रद किए जाने और लिखित आश्वासन दिए जाने की मांग कर रही थीं। अंजली की दिशा ने कहा कि मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। दिशा की अंजली ने आरोप लगाया कि नवम्बर महीने में हॉस्टल अलाट हुआ था और मई में खाली करने का फरमान सुना दिया गया। जबकि हॉस्टल फीस पूरे वर्ष के लिए ली जाती है। डीडीयू प्रशासन सभी छात्रावासियों को बाहर का रास्ता दिखाकर नए सिरे से आवंटन करना चाहता है, जबकि एक बार आवंटन होने के बाद नियमित छात्र-छात्राओं को कोर्स पूरा होने तक रीनुअल किया जाता है। लेकिन विवि प्रशासन का कहना है कि इस सत्र से सीजीपीए और छात्राओं के व्यवहार के आधार पर रिअलाटमेंट होगा। धमकी मिली है कि छात्राएं सामान नहीं ले गईं तो बाहर फेंकवा देंगे।

# दिल्ली में डेढ़ करोड़ वोटर करेंगे मताधिकार का इस्तेमाल 60000 कर्मी तैनात, ड्रोन कैमरों से रहेगी नजर

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव का सियासी मैदान पूरी तरह से सज कर तैयार हो गया है। दिल्ली की सभी सातों सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अर्धसैनिक बलों की 51 कंपनियों और उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश के 13,500 होम गार्ड सहित 60,000 कर्मियों और ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के साथ, दिल्ली पुलिस लोकसभा चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों- पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और चांदनी चौक के लिए इस बार 1.52 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।



**दिल्ली में इस बार 429 संवेदनशील मतदान केंद्र :** डीसीपी (इलेक्शन सेल) संजय सहरावत ने बताया कि राजधानी में शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। डीसीपी ने कहा कि वोटिंग के दिन दिल्ली में लगभग 60,000 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे और उनमें से कम से कम 33,000 पुलिसकर्मी मतदान केंद्रों की सुरक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि कुल 2,628 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 429 संवेदनशील हैं। इन संवेदनशील मतदान केंद्रों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के साथ अतिरिक्त अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएंगे।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड से लगभग 13,500 और दिल्ली से 4,000 होम गार्ड भी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली पुलिस की पीसीआर यूनिट भी अपने-अपने इलाकों में नजर रखेंगी।

**वोटिंग वाले दिन दिल्ली के बॉर्डरों पर रहेगी पैनी नजर :** एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि मतदान से एक दिन पहले से दिल्ली की सीमाओं पर जांच और बढ़ाई जाएगी। दिल्ली की सीमाएं उत्तर प्रदेश और हरियाणा से लगती हैं। पुलिस अधिकारी किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए दोनों राज्यों में अपने समकक्षों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से दिल्ली पुलिस ने लगभग 14 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद की है। अधिकारी ने कहा कि नागरिकों का आत्मविश्वास बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए फ्लैग मार्च, पैदल मार्च पहले ही दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में किया जा चुका है।

**पुलिस ने कई दिल्ली के कई हिस्सों में किया फ्लैग मार्च :** स्पेशल पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर, जोन 2) मधुप तिवारी ने दक्षिण पूर्व जिले और दक्षिण जिले में जामिया, शाहीन बाग, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, अंबेडकर नगर, संगम विहार के क्षेत्रों को कवर करते हुए 22 और 23 मई को मालवीय नगर और तिगड़ी में एक फ्लैग मार्च और क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास किया। तिवारी ने कहा, हमारी प्राथमिकता सभी मतदाताओं के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल माहौल बनाना है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और निवासियों के बीच विश्वास पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च और क्षेत्र प्रभुत्व हमारी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

**सभी लोगों से वोट डालने की अपील :** जॉइंट पुलिस कमिश्नर (दक्षिणी रेंज) एसके जैन ने कहा कि मतदान सिर्फ एक अधिकार नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि वे आगे आएं और आत्मविश्वास के साथ अपना वोट डालें। शांतिपूर्ण और घटना मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीमें चौबीसों घंटे लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने मतदाताओं से यह भी अनुरोध किया कि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में किसी भी चुनावी कदाचार या प्रलोभन या किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधियों के मामले में अधिकारियों को सूचित करें। जैन ने कहा कि सूचना दिल्ली पुलिस नियंत्रण कक्ष को 112 नंबर पर दी जा सकती है।

## छठे चरण में बिहार, दिल्ली, हरियाणा और झारखंड में पिछले प्रदर्शन को दोहराना चाहती है भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत 25 मई यानी शनिवार को देश के 8 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। छठे चरण का यह लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए कई मायनों में अहम माना जा रहा है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के मिशन में जुटी भाजपा छठे चरण की चुनाव वाली सीटों पर जहां एक तरफ बिहार, दिल्ली, हरियाणा और झारखंड में 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को दोहराना चाहती है, वहीं दूसरी तरफ ओडिशा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सीटों की संख्या बढ़ाने की पुरजोर कोशिश कर रही है। पिछले चुनाव के नतीजों की बात करें तो इन 58 लोकसभा सीटों में से भाजपा को अकेले 40 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। बाद में हुए उपचुनाव में भाजपा ने सपा को हराकर आजमगढ़ लोकसभा सीट भी छीन ली। इस तरह से 41 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया। एनडीए गठबंधन के घटक दलों की बात करें तो जेडीयू के पास 3 और एलजेपी एवं आजसू के पास इनमें से 1-1 सीट है। यानी कुल मिलाकर देखा जाए तो इन 58 लोकसभा सीटों में 46 पर एनडीए के सांसद हैं। बिहार में जिन 8 सीटों और झारखंड में जिन 4 सीटों पर शनिवार को चुनाव होना है, ये सभी एनडीए गठबंधन की सीट हैं। वहीं हरियाणा की सभी 10 और दिल्ली की सभी 7 लोकसभा सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा ने अकेले अपने दम पर जीत हासिल की थी। भाजपा इन सभी राज्यों में अपने और एनडीए के पिछले प्रदर्शन को दोहराने की पुरजोर कोशिश कर रही है। भाजपा अकेले 370 और एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ 400 पार के मिशन के साथ चुनाव लड़ रही है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पार्टी की नजरें खासतौर से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों पर टिकी हुई हैं जहां सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। उत्तर प्रदेश की जिन 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को चुनाव होना है, उसमें से 10 पर भाजपा और 4 पर बसपा के सांसद जीते थे। भाजपा इस बार बसपा के कब्जे वाली इन चारों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करना चाहती है। पश्चिम बंगाल में जिन 8 सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसमें से भाजपा के पास 5 और तृणमूल कांग्रेस के पास 3 सीट है।

## हिमाचल में पड़ रही भीषण गर्मी, कई जिलों का पारा 40 पार

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में गर्मी के कड़े तेवर बने हुए हैं। भीषण गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। बीते कुछ दिनों से हो रही प्रचंड गर्मी ने लोगों को खूब परेशान कर रखा है। प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। ऊना में रोजाना लू चल रही है। ऊना बुधवार को राज्य का सबसे गर्म स्थल रहा, जहां पारा 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। हिल्स स्टेशनों शिमला, मनाली, धर्मशाला और डल्हौजी भी गर्मी में तप रहे हैं और इन स्थानों का पारा सामान्य से ऊपर चल रहा है। शिमला में गुरुवार को हुई बारिश की फुहारों ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। जिससे दिन का पारा लुढ़ककर 25.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। पिछले दिनों शिमला का पारा 30 डिग्री पहुंच गया था। राज्य में फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने 25, 26 व 27 मई को कुछ स्थानों पर लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। 29 मई तक प्रदेश में बादलों के बरसने की संभावना नहीं है। बीते 24 घण्टों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में छिटपुट वर्षा हुई। सुजानपुर में छह, सुंदरनगर, पालमपुर व बिलासपुर में तीन-तीन, संगड़ाह व कंडाघाट में दो-दो, बरठीं, हमीरपुर और कांगड़ा में एक-एक मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। राज्य में मई के महीने में बादलों के बहुत कम बरसने से सूखे की स्थिति पैदा हो रही है और पेयजल परियाजनाओं का पानी का स्तर लगातार गिर रहा है।

# सात नक्सलियों के शवों को लेकर लौट रहे जवानों पर फायरिंग, मुठभेड़ में एक और नक्सली ढेर

नारायणपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आज सुबह एक बार फिर नक्सली मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि एंबुश लगाकर नक्सलियों ने डीआरजी और बस्तर फाइटर के जवानों को घूरते हुए गोलीबारी शुरू की है।? जिसके जवाब में कार्रवाई करते हुए जवानों ने भी फायरिंग की। इस गोलीबारी में एक नक्सली के ढेर होने की खबरें सामने आ रही है वहीं कुछ अन्य नक्सली घायल बताए जा रहे हैं।?

बतादें कि नारायणपुर में कल जहां नक्सलियों से मुठभेड़ में जवानों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया था। वहां जवान पुरी रात इलाके को घेरे एक ही स्थान पर बैठे रहे। सुबह जवानों ने इलाके की सर्चिंग के बाद मारे गए नक्सलियों के शवों को लेकर लौट ही रहे थे की नक्सलियों ने जवानों पर फिरसे ताबड़तोड़ फ़ायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी नक्सलियों के फायरिंग का जवाब दिया और एसटीएफ़ के जवानों ने एक और नक्सली को मार गिराया है। अब भी जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। कल नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के जवानों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया था। जिनके शवों को लेकर जवान लौट रहे थे। जिनपर नक्सलियों ने हमला किया जवानों की जवाबी कार्रवाई में एक और नक्सली को मार गिराया? है।? अब मारे गए नक्सलियों की संख्या आठ हो चुकी है। बताया? जा रहा है कि इलाके में अब भी मुठभेड़ जारी है। जानकारी देते हुए नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि



नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की आसूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें सर्च अभियान पर निकली थी। जानकारी देते? हुए एसपी ने आगे कहा कि आज दिनांक 23 मई को लगभग दोपहर 11 बजे नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू की। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी तक रुक रुक कर जारी है। वहीं जवानों ने घटना स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया है। साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी मिला है। 10/12 नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।

**सुबह तक 2 और अब 5 नक्सलियों के शव बरामद :** इस मामले को लेकर जानकारी देते हुए दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा डीआरजी ने 5 शव बरामद किए हैं।? इसके अलावा नारायणपुर पुलिस ने सुबह 2 शव बरामद किए थे। इसके अलावा मौके से नक्सलियों के साथ हथियार भी बरामद हुए हैं। हथियारों का ग्रेड क्या है वह अब तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक अभी भी इलाके में मुठभेड़ जारी है।

## राजस्थान में ओबीसी में शामिल इन मुस्लिम जातियों के आरक्षण पर संकट, भजनलाल सरकार करेगी समीक्षा

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में ओबीसी में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण पर संकट मंडरा रहा है। कलकत्ता हाईकोर्ट के पश्चिम बंगाल में मुस्लिम जातियों का अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण रद्द करने के बाद राजस्थान में भी मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा भड़क गया है। प्रदेश में 14 मुस्लिम जातियां ओबीसी आरक्षण का लाभ ले रही हैं, जिनको लेकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने स्पष्ट किया कि चार जून को चुनाव नतीजे आने के बाद सरकार इन जातियों के आरक्षण की समीक्षा कराएगी। अविनाश गहलोत का कहना है कि चार जून के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश में 14 मुस्लिम जातियों को ओबीसी में आरक्षण दिया जा रहा है, जिनको कांग्रेस के समय शामिल किया गया। भाजपा की पिछली सरकारों के समय इनकी समीक्षा नहीं होने के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं। धर्म के आधार पर यह आरक्षण संविधान के विरुद्ध है। इस बारे में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समीक्षा कराई जाएगी, जिसके बाद कार्रवाई होगी। प्रदेश में ओबीसी में 91 जाति-वर्ग शामिल हैं, जिनको आरक्षण का लाभ दिया



जा रहा है। प्रदेश में ओबीसी आरक्षण में मुस्लिम जातियां भी हैं, जिनमें मिरासी, मणिहारों से लेकर काठात, मेहरात, मांगणियार और सिंधी मुसलमान तक विभिन्न जातियां शामिल हैं। इनके बारे में चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद समीक्षा कराने के लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है।

ओबीसी में शामिल मुस्लिम जातियां नगारची-दमामी (मुस्लिम), राणा (मुस्लिम), बायती (बारोट मुस्लिम), सिंधी मुसलमान, सिपाही (मुस्लिम), फकीर (कब्रिस्तान में काम करने वाले), धोबी (मुस्लिम), मेव, कायमखानी, नागौरी, भिश्ती, मांगणियार, लखेरा, मिरासी, काठात, मेहरात, चीता, घोडात, बिसायती। बता दें लखनऊ में चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्थान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के अंदर जो भी व्यवस्था है और जिस प्रकार से संविधान आरक्षण का प्रावधान करता है, उसी के अनुसार ही आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, राजस्थान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। हम संविधान का सम्मान करते हैं और उसी के अनुसार नीतिया बनाते हैं। आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं समुदायों को मिलेगा, जिन्हें संविधान में इसके लिए पात्र माना गया है। उनका यह बयान उन अफवाहों का जवाब था, जिनमें कहा जा रहा था कि राज्य सरकार धर्म के आधार पर आरक्षण देने की योजना बना रही है।

## बेंगलुरु रेव पार्टी में बड़ा खुलासा, नशे में धुत थीं दो साउथ ऐक्ट्रेस, 86 की रिपोर्ट पॉजिटिव

बेंगलुरु , एजेंसी। बेंगलुरु में रेव पार्टी मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक तेलुगु ऐक्ट्रेस हेमा और आशी रॉय की ड्रग रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बता दें कि इसी सप्ताह बेंगलुरु पुलिस ने एक फार्महाउस में चल रही रेव पार्टी में छापा मारा था। एक अखबार के मुताबिक इस पार्टी में 73 पुरुष और 30 महिलाएं शामिल थीं। इनमें से 59 पुरुषों और 27 महिलाओं का ब्लड सैंपल ड्रग पॉजिटिव पाया गया है। 103 में से कुल 86 लोगों ने ड्रग्स ले रखी थी। सेंट्रल क्राइम ब्रांच अब उन लोगों को नोटिस जारी करेगी जिनका ब्लड सैंपल पॉजिटिव पाया गया है। इसके अलावा उन लोगों को समन भी किया जाएगा। पहले यह मामला इलेक्ट्रॉनिक सिटी पुलिस के अंडर था लेकिन बाद में इसे हेब्बागोडी पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया। 104 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने फार्महाउस से 14.40 ग्राम एमडीएमए की गोलियां, 1.16 ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 6 ग्राम हाइड्रो कैनबिस, 5 ग्राम कोकीन, 500 रुपये का पुराना नोट जिसपर कोकील लगी थी, 6 ग्राम हाइड्रो गांजा, 5 मोबाइल फोन, दो वाहन जिनमें वोक्सवैगेन और लेंड रोवर शामिल हैं, 1.5 करोड़ का डीजे और लाइट सिस्टम बरामद किया है। क्राइम ब्रांच ने 20 मई को फार्महाउस पर रेड डाली थी। बर्थडे पार्टी के बहाने रेव पार्टी की जा रही थी। बेंगलुरु पुलिस ने



तेलुगु ऐक्टर आशी रॉय को हिरासत में ले लिया था। उन्होंने कहा कि उन्हें पता ही नहीं था कि यह किस तरह की पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी में मौजूद थीं लेकिन यह नहीं पता था कि अंदर क्या चल रहा है। यह फार्महाउस कॉन कार्ड के ओनर गोपाला रेड्डी का था। हैदराबाद के एक वासू नाम के शख्स ने पार्टी की व्यवस्था की थी। जानकारी के मुताबिक ऐक्ट्रेस हेमा ने भ्रामक वीडियो बनाने के लिए वॉशरूम जाने का बहाना बनाया था। अभिनेत्री ने यह भी कहा था कि उसकी पहचान उजागर ना की जाए। छापेमारी के बाद पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। हेमा तेलुगु सीरियल में काम करने वाली स्मॉल टाइम ऐक्टर हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि वह बेंगलुरु नहीं बल्कि हैदराबाद में हैं। जानकारी के मुताबिक इस पार्टी में करीब 50 लाख रुपये का खर्च था।

# धर्मशाला में दिलचस्प हुआ मुकाबला, टिकट कटने से नाराज भाजपा नेता हुए बागी, निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

धर्मशाला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में विधानसभा उपचुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। यहां पहले जो मुकाबला सीधे कांग्रेस और बीजेपी के बीच था वह अब त्रिकोणीय हो गया है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक बागी नेता के निर्दलीय चुनाव लड़ने के फैसले ने इस चुनावी जंग को त्रिकोणीय मुकाबले में तब्दील कर दिया है। यह दूसरी बार है जब राकेश कुमार चौधरी ने टिकट नहीं मिलने पर अपनी पार्टी के खिलाफ जाने का फैसला लिया है।

इसके पहले साल 2019 में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के बाद चौधरी ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। चुनाव हारने के बाद चौधरी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे। धर्मशाला सीट से भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल हुए सुधीर शर्मा को उम्मीदवार



बनाया है। जिसके बाद चौधरी भाजपा से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है। शर्मा ने चौधरी को साल 2022 के विधानसभा चुनाव में हराया था।

धर्मशाला के चुनावी इतिहास में साल 1967 से हुए कुल 14 चुनाव में जनता पार्टी और भाजपा ने आठ बार और कांग्रेस ने छह बार चुनाव जीता है और यहां से कभी कोई निर्दलीय प्रत्याशी जनता का समर्थन हासिल नहीं कर पाया है। कुछ महीने पहले राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए शर्मा सहित छह बागी कांग्रेसी विधायकों के अयोग्य ठहराए जाने के बाद खाली हुई विधानसभा सीटों में सुजानपुर, गागरेट, लाहौल-स्पीति, बडसर और कुटलेहर भी हैं जहां उपचुनाव कराए जा रहे है।

इन बागी विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को वोट दिया था। बाद में ये सभी भाजपा में शामिल हो गये थे। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में 86,603 मतदाता हैं जिनमें 42,939 पुरुष और 42,702 महिलाएं हैं। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव और चार लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए मतदान एक जून को होगा और वोटों की गिनती 4 जून को एकसाथ की जाएगी।

# कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का ऐलान



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिये भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिये टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है। स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'ये सभी काफी पेशेवर और मेहनती हैं। इनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है।

बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में छह जून को होगा। इसके बाद भारतीय टीम 11 जून को कुवैत में खेलेगी। भारत इस समय चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। इस मैच के साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के अलविदा कह देंगे जिन्होंने भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किए हैं। यह उनका 151वां मैच होगा।

टीम :

**गोलकीपर:** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ

**डिफेंडर:** अमय रणवाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंदर , निखिल पुजारी, राहुल भेके, शुभाशीष बोस

**मिडफील्डर:** अनिरूद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह

**फॉरवर्ड:** डेविड एल, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

# न ही मैंने और न बीसीसीआई ने किसी भी ऑस्ट्रेलियाई को कोच बनने का ऑफर दिया : जय शाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम का नया कोच कौन होगा, इस सवाल को लेकर क्रिकेट जगत में हलचल तेज है। इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यह साफ कर दिया है कि भारतीय बोर्ड या उनकी तरफ से किसी भी ऑस्ट्रेलियाई से इस पद के लिए संपर्क नहीं किया गया है और मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, वह गलत हैं। जय शाह ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। पुरुष क्रिकेट टीम के लिए बीसीसीआई नए मुख्य कोच की तलाश कर रहा है, क्योंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो जाएगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 13 मई को सोशल मीडिया के जरिए भारतीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच के लिए आवेदन मांगे थे, जिसकी समय सीमा 27 मई निर्धारित की गई है। भारत के अगले मुख्य कोच की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से 31 दिसंबर, 2027 के लिए होगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, जिन्होंने आईपीएल 2024 को दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में समाप्त किया था। उन्होंने यह कहा था कि हाल ही में उनसे भारत के अगले मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के लिए उनसे संपर्क किया गया है। पोंटिंग ने आईसीसी को बताया था, आईपीएल के दौरान कुछ छोटी-मोटी व्यक्तिगत बातचीत हुई थी, बस मेरी रुचि जानने के लिए कि क्या मैं यह करूंगा। हालांकि, बीसीसीआई सचिव ने ऐसी रिपोर्ट का खंडन किया। शाह ने कहा, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क किया है। कुछ मीडिया चैनलों में चल रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं।

शाह ने आगे कहा, हमारी नेशनल टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ रखते हों।

बीसीसीआई सचिव ने यह भी बताया कि भारतीय घरेलू क्रिकेट की समझ होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि यह समझ टीम इंडिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए महत्वपूर्ण होगी। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य बनने की दौर में पहले से कई बड़े नाम शामिल हैं।

इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर से जुड़ी खबरों ने इस मुद्दे को और हवा दी थी। कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि दोनों ही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य बनने को तैयार नहीं हैं, लेकिन अब इस मामले में बीसीसीआई सचिव जय शाह का जो बयान सामने आया है, उसने इन अफवाहों पर लगाम लगा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

**Chess:**

### ईरान के दानेश्वर बने शारजाह मास्टर्स के विजेता



**शारजाह, एजेंसी।** अर्जुन छह अंक लेकर शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रहे। भारतीय खिलाड़ी ने चार जीत दर्ज की, चार ड्रॉ खेले और एक में उन्हें हार मिली। जीएम अरविंद चिदंबरम (5.5 अंक) अंतिम तीन दौर में केवल आधा अंक ही जुटा सके। भारत के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने शारजाह मास्टर्स अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में ईरान के बरदिया दानेश्वर से ड्रॉ खेला जो विजेता रहे। वहीं, अर्जुन शीर्ष 10 में शामिल रहे। तालिका में शीर्ष पर चार खिलाड़ियों के बीच 6.5 अंक से टाई रहा लेकिन दानेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ टाईब्रेक स्कोर से सभी को पछाड़ते हुए अपना पहला खिताब जीत लिया।

अर्जुन शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रूस के वोलोदार मुर्जिन दूसरे, अमेरिका के सैम शंकलैंड तीसरे और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वाखिदोव चौथे स्थान पर रहे। इसके बाद आठ खिलाड़ियों में टाई रहा और अर्जुन छह अंक लेकर शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रहे। भारतीय खिलाड़ी ने चार जीत दर्ज की, चार ड्रॉ खेले और एक में उन्हें हार मिली। जीएम अरविंद चिदंबरम (5.5 अंक) अंतिम तीन दौर में केवल आधा अंक ही जुटा सके जिससे वह हमवतन अभिमन्यु पुराणिक और पी इनियान के साथ संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर रहे।

# खिलाड़ियों के साथ इंसान की तरह व्यवहार करो

## अभिनव बिंद्रा ने दी अधिकारियों को सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है जो केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि कोचों के लिए भी जरूरी है तथा खेल मनोवैज्ञानिकों को उनके साथ काफी सयंम बरतना चाहिए।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बृहस्पतिवार को खेल पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्सेदारों से अनुरोध किया कि वे खिलाड़ियों से पदक जीतने वाले रोबोट की तरह नहीं बल्कि इंसान की तरह ही बर्ताव करें। भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों सभी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हालिया सफलता से सिर्फ खिलाड़ियों के दर्जे में ही इजाफा नहीं हुआ है बल्कि इससे उनसे लगी उम्मीदों का बोझ भी बढ़ा है।

बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है जो केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि कोचों के लिए भी जरूरी है तथा खेल मनोवैज्ञानिकों को उनके साथ काफी सयंम बरतना चाहिए। बिंद्रा ने यहां कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेल मनोवैज्ञानिकों के साथ वर्चुअल बातचीत में कहा, ''सबसे अहम चीज है कि खिलाड़ियों से इंसान की तरह व्यवहार करना और उन्हें पदक जीतने वाले रोबोट की तरह तैयार करने का काम नहीं करना।

उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों के साथ भरोसा और रिश्ता बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों के साथ लगातार मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए खेल मनोवैज्ञानिक को धैर्य बरतना चाहिए।''

बिंद्रा ने खेल मनोवैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि वे खिलाड़ियों, विशेषकर निशानेबाजों का तोक्यो में उनके पिछले ओलंपिक के प्रदर्शन के आधार पर आकलन नहीं करे बल्कि वे मौजूदा समय किस स्थान पर है, इसके आधार पर उन्हें देखना चाहिए।

# दिनेश कार्तिक के बाद एक और दिग्गज की होगी भावुक विदाई...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में लंबे समय तक दस्ताने से कोहराम मचाने वाले दिनेश कार्तिक ने राजस्थान के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की दिल तोड़ने वाली हार के बाद क्रिकेट किट टांगने का फैसला किया था। हालांकि, उन्होंने यह बड़े सामान्य तरीके से किया। डीके ने न तो कोई पोस्ट लिखा और न ही किसी तरह का बयान दिया। आरसीबी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो रिटायरमेंट का पता चला।

अब उनके साथी शिखर धवन ने ऐसा बयान दिया है, जिससे माना जा रहा है कि वह भी जल्द ही क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। शिखर धवन एंड कंपनी अंतिम स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर रही। पंजाब किंग्स को आखिरी मैच में धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 60 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे आईपीएल 2024 की प्लेऑफ दौड़ से उनका समय से पहले बाहर होना तय हो गया। हालांकि, चोट के कारण कप्तान धवन लंबे समय से प्लेइंग-11 से बाहर थे। सलामी बल्लेबाज धवन को 9 अप्रैल को पूर्व चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र्रा) के खिलाफ कंधे में चोट लग गई थी।

धवन की जगह इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन ने पंजाब की कप्तानी संभाली। करन और जितेश शर्मा ने आईपीएल 2024 के शेष भाग के लिए धवन-रहित टीम की कप्तानी की। एक निराशाजनक अभियान के बाद अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज धवन ने 2024 सीजन में पंजाब किंग्स के लिए केवल पांच मैच खेले।

बचपन में पिता को खोने वाली

# 15 साल की प्रीतिस्मिता ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## 133 किलो वजन उठाकर जीता सोना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली युवा मीराबाई चानू के बाद दूसरी और युवा वर्ग में 133 किलो वजन उठाकर विश्व कीर्तिमान बनाने वाली प्रीतिस्मिता भोई देश की पहली वेटलिफ्टर हैं। चानू सीनियर वर्ग में क्लीन एंड जर्क का विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं। ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल की 15 वर्षीय वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने पेरू की राजधानी लीमा में इतिहास रच दिया।

विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। प्रीतिस्मिता ने 40 किलो भारवर्ग में कुल 133 (57+76) किलो वजन उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 76 किलो वजन उठाकर 75 किलो का विश्व कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया। ओडिशा की ही ज्योशना साबर ने इसी भारवर्ग में कुल 125 किलो वजन के साथ रजत पदक जीता।

विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली युवा मीराबाई चानू के बाद दूसरी और युवा वर्ग में विश्व कीर्तिमान बनाने वाली प्रीतिस्मिता देश की पहली वेटलिफ्टर हैं। चानू सीनियर वर्ग में क्लीन एंड जर्क का विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं।

### बहन भी हैं राष्ट्रीय पदक विजेता

गोपाल बताते हैं कि वह केंद्रीय विद्यालय की स्कूल मीट में गए थे। यहां दो बहनें बड़ी विदुस्मिता और छोटी प्रीतिस्मिता 100, 400 मी. दौड़ में पहले और दूसरे स्थान पर आ रहीं थीं। उन्हें लगा दोनों को लिफ्टर बनाया जा सकता है। तब उन्होंने उनकी मां जमुना देवी से बात की। वह तैयार नहीं हुई कि वजन उठाने वाले खेल में उनकी बेटियां आएं। काफी समझाने के बाद वह तैयार हो गईं। विदुस्मिता भी राष्ट्रीय यूथ वेटलिफ्टिंग, खेलो इंडिया में पदक जीत चुकी हैं।

### बचपन में पिता को खोया, मां ने संघर्षों से पाला

दो साल की उम्र में उठा पिता का साया, कोच ने स्कूल में दौड़ते देखा तो मां से गुहार लगा बनाया वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता सिर्फ दो साल की थीं, जब उनके सिर से पिता का साया उठ गया।

मां के ऊपर मुसीबतों को पहाड़ टूट पड़ा। उन्होंने दोनों बेटियों को संघर्षों के साथ पिता बनकर पाला और ढेंकनाल के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला कराया। यहीं कोच गोपाल कृष्ण दास ने दोनों बहनों को स्कूल मीट में दौड़ते देखा तो उन्हें वेटलिफ्टर बनाने का फैसला किया। दोनों ने ही चार वर्ष के अंदर परिणाम देने शुरू कर दिए हैं।

# पेरिस ओलंपिक के लिए दम लगाने उतरेंगे भारतीय मुक्केबाज, पंघाल पर रहेंगी नजरें

**बैंकॉक, एजेंसी।** मार्च में पिछले विश्व क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें केवल 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ही पहले दौर की बाधा पार कर पाए थे। भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उपलब्ध अंतिम स्थान हासिल करने के इरादे से रिंग में उतरेंगे।

पिछले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तक भारतीय मुक्केबाजों ने चार कोटे हासिल किए हैं लेकिन महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाली परवीन हुड्डा पर ठिकाने की जानकारी देने में विफलता के कारण 22 महीने का प्रतिबंध लगाए जाने की शर्मनाक घटना के बाद ये घटकर अब तीन हो गए हैं। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल 10 मुक्केबाज उतारे हैं जिसमें सात पुरुष और तीन महिलाएं हैं।

### अमित पंघाल को किया गया शामिल

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने काफी बदलाव किए हैं जिसमें भारत के एकमात्र पुरुष विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल आखिरकार टीम में शामिल किए गए हैं क्योंकि दीपक भोरिया पहले दो क्वालीफाइंग



टूर्नामेंट में 51 किग्रा वजन वर्ग में कोटा हासिल करने में विफल रहे। पंघाल ने इस साल के शुरू में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

उन्हें ओलंपिक के लिए जगह बनाने का केवल एक ही मौका मिलेगा और पूर्व एशियाड चैंपियन इसका पूरा फायदा उठाने का प्रयास करेगा। पंघाल को दूसरी वरीयता मिली है और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है जिससे क्वार्टर फाइनल में उनके चीन के लियू चुआंग या किर्गिस्तान के अनवरझान खोदजिएव से भिड़ने की संभावना है।

### पिछले क्वालीफायर में निराशाजनक रहा था प्रदर्शन

मार्च में पिछले विश्व क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें केवल 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ही पहले दौर की बाधा पार कर पाए थे। इस दौरान कोचिंग संकट भी पैदा हो गया क्योंकि हाई परफोरमेंस निदेशक बर्नार्ड डुने ने पहले ही विश्व क्वालीफायर के दौरान अपना इस्तीफा सौंप दिया।

अभिनाश जामवाल को भी ओलंपिक पदार्पण के लिए कट हासिल करने का मौका दिया गया है क्योंकि अनुभवी शिवा थापा 63.5 किग्रा वजन वर्ग में बार-बार विफल रहे हैं और इस वजन वर्ग में पांच कोटे दांव पर लगे हैं। जामवाल लिथुआनिया के आंद्रिजस लावरेनोवास के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे।

### जैसमीन-अंकुशिता भी करेंगी प्रतिस्पर्धा

महिलाओं के वर्ग में अंकुशिता बोरो 66 किग्रा में खेलती थीं लेकिन अब वह 60 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगी और कट हासिल करने के लिए उन्हें शीर्ष तीन में रहना होगा। अंकुशिता ने इस वजन वर्ग में जैसमीन लम्बोरिया की जगह ली जो पहले दो क्वालीफाइंग में कोटा जुटाने में विफल रहीं। अंकुशिता पहले दौर में मंगोलिया की नामुन मोनखोर के सामने होंगी। बाद में उनके उज्बेकिस्तान की राशिदा टागिरोवा के सामने होने की उम्मीद है। जैसमीन को तीसरा मौका 57 किग्रा वजन वर्ग में दिया गया है जिसमें परवीन को प्रतिबंधित किया गया है।

# अमेरिका ने तो बांग्लादेश को बर्बाद कर दिया, लगातार दूसरे टी20 में उतरी इज्जत

## हाथ से फिसला सीरीज

**प्रेरी, एजेंसी।** बांग्लादेश को तो पाकिस्तान भी हरा देता है... यह कहना था आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का। शाकिब ने यह बात तब कही जब अमेरिका के खिलाफ बांग्लादेश को पहले टी20 में हार मिली थी। शाकिब को लगा कि अमेरिका को यह जीत उसके खेल से नहीं किस्मत से मिली है, लेकिन जब दूसरे टी20 मैच में भी टीम को 6 रन से हार मिली तो शाकिब का घमंड चूर-चूर हो गया। अमेरिका की धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप से पहले पूरी बांग्लादेशी टीम शर्मसार हो गई।

दरअसल तीन टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में अमेरिका ने बांग्लादेश को पीटकर अब 2-0 से सीरीज पर अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में




अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम 19.3 ओवर में 138 रन बनाकर ढेर हो गई। इस तरह अमेरिका ने लगातार दो टी20 मैचों में जीत दर्ज कर बांग्लादेश को शर्मसार कर दिया।

### 7 बल्लेबाज दहाई तक भी नहीं पहुंचे

अमेरिका के लिए 144 रनों के बचाव करने उतरे सौरव नेत्रवलकर और अली खान ने जबरदस्त गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

सौरभ ने तीन ओवर में सिर्फ 15 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा अली खान के खाते में तीन विकेट आया।

अली खान ने 3.3 ओवर में 25 रन खर्च किए। इन दोनों के साथ शैडली वैन शल्कविक ने दो विकेट, जगदीप सिंह और कोरी एंडरसन ने एक-एक विकेट हासिल किए। बांग्लादेश की पारी में कुल 7 बल्लेबाज ऐसे रहे जो दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए।

### सीरीज से पहले घमंड में चूर थे शाकिब अल हसन

अमेरिका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर खुश नहीं थे।

उनका मानना था कि अमेरिका और आयरलैंड जैसी टीमों के खिलाफ टी20 सीरीज से विश्व कप की तैयारी नहीं हो पाएगी, लेकिन बांग्लादेश की टीम मैदान पर उतरी तो अमेरिका जैसी टीम के खिलाफ उनकी हवा निकल गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### हनोई की एक इमारत में लगी आग, 14 की मौत

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम की राजधानी हनोई में शुक्रवार तड़के एक इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। वीएनएक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इमारत 100 वर्ग मीटर के क्षेत्र को कवर करती है और यह लगभग दो मीटर चौड़ी और ट्रुंग किन्ह स्ट्रीट से लगभग 200 मीटर की दूरी पर संकरी गली में स्थित है, जिससे वहां अग्निशमन ट्रकों का जाना मुश्किल हो रहा है। वियतनाम न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बहुमंजिला इमारत में प्रत्येक मंजिल पर दो कमरे हैं, पहली मंजिल का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक साइकिल की बिक्री और मरम्मत के लिए किया जाता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत में आग की लपटों की मुख्य वजह इलेक्ट्रिक साइकिल शॉर्ट सर्किट बताई गई थी। मामले की आगे की जांच की जा रही है। इस साल के पहले चार महीनों में वियतनाम में कुल 1,555 आग लगने की घटनाएं हुईं, जिनमें 28 लोग मारे गए और 26 अन्य घायल हो गए। देश के सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, आग और विस्फोटों से लगभग 89.8 बिलियन वियतनामी दोंग (3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की संपत्ति का नुकसान हुआ।

### यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमलों में 7 की मौत, 21 घायल

**कीव, एजेंसी।** रूसी सेना ने यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमले किए। इन हमलों में सात लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हो गए। खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने गुरुवार को कहा, रूसी सेना ने लगभग 15 मिसाइलें दागीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि मारे गए सभी लोग एक प्रिंटिंग हाउस के कर्मचारी थे। मिसाइल हमले के समय इमारत के अंदर लगभग 50 लोग काम कर रहे थे। रूस के नये हमले शुरू करने से इस महीने खार्किव क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है।

### पपुआ न्यू गिनी के गांव में भूस्खलन, कम से कम 100 की मौत की खबर

**सिडनी, एजेंसी।** पपुआ न्यू गिनी के एक सुदूर गांव में भूस्खलन से कम से कम 100 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक, यहां एंगा प्रांत में काओकालम गांव के पास स्थानीय समयानुसार सुबह करीब तीन बजे आए भूस्खलन से कई घर तबाह हो गए। राहत-बचाव कर्मी यहां लोगों को निकालने का काम कर रहे हैं। कई शवों को निकाला भी जा चुका है। ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टर एबीसी ने स्थानीय लोगों के हवाले से इस घटना की जानकारी भी साझा की। काओकालम के एक शख्स ने चैनल को बताया कि लोगों के लिए राहत-बचाव कार्य काफी मुश्किल हो रहे हैं। कई भारी पत्थर, पेड़ और पौधे गिर गए हैं। इससे इमारतों को नुकसान पहुंचा और वह भी ढह गई। इसके चलते शवों को खोजने में काफी मुश्किल आ रही है। एक और महिला एलिजाबेथ लारुमा ने कहा कि पास की पहाड़ी से मिट्टी और पेड़ों के गिरने से कई घर तबाह हो गए। यह उस वक्त हुआ, जब पूरा गांव गहरी नींद में था। उन्होंने कहा कि गांव के 100 से ज्यादा लोग मलबे में दबे हैं। शहर के रास्ते बंद होने से लोगों में चिंता इस भूस्खलन से गांव का पोर्गेरा शहर से संपर्क कट गया है। यह शहर अपनी सोने की खदानों के लिए चर्चित है। लारुमा ने कहा कि सड़कों के बंद होने की वजह से लोगों में आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति को लेकर चिंता बैठ गई है, क्योंकि यह भी साफ नहीं है कि यह मलबा कब तक हटेगा और जरूरी चीजें लोगों तक कैसे पहुंचेंगी। उन्होंने पपुआ न्यू गिनी सरकार और एनजीओ से तत्काल सहायता भेजने का आह्वान किया।

### स्पेन में ढहा समुद्र तट पर स्थित रेस्तरां, चार की मौत, 27 घायल; प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर जताया दुख

**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक द्वीप पर समुद्र किनारे स्थित रेस्तरां आंशिक रूप में ढह गया। हादसे में करीब चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। बचाव दल मौके पर मुस्तैद है। आशंका है कि अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना स्पेनिश द्वीप मेजरका की है। यहां समुद्र तट पर स्थित रेस्तरां के छत का अधिकांश हिस्सा गिर गया है। बताया जा रहा है कि मेडुसा बीच क्लब तीन मंजिला रेस्तरां था। मेजरका की आपातकालीन सेवा विभाग ने बताया कि चार लोगों की अब तक मौत हुई है। वहीं 27 लोग घायल हैं। बता दें, इससे पहले 21 लोगों के घायल होने की सूचना दी गई थी। मृतक और घायल स्पेन के ही थे या फिर किसी और देश के भी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतकों-घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका आपातकालीन सेवा विभाग की मानें तो घटना के बारे में जानकारी मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। लोगों को बचाने का काम जोरों से जारी है। बचाव दल ने आशंका जताई है कि शायद अभी भी कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं। घायलों और मृतकों की संख्या अभी बढ़ सकती है। प्रधानमंत्री ने घटना पर किया ट्वीट स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक्स पर घटना को लेकर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वह बचाव कार्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने स्थानीय और क्षेत्रीय नेताओं को राष्ट्रीय सरकार के सभी संसाधन देने की पेशकश की है।

# विमान में टर्बुलेंस से यात्रियों को दिमाग और रीढ़ में आई चोटें, 20 लोग अब भी आईसीयू में

**सिंगापुर, एजेंसी।** लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में खतरनाक टर्बुलेंस की वजह से कई यात्री गंभीर चोटों का शिकार हुए हैं। बताया गया है कि ज्यादातर घायलों को दिमाग और रीढ़ में चोटें आई हैं। थाईलैंड में विमान की आपात लैंडिंग के बाद जिन यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनमें से कई ने टर्बुलेंस की इस घटना का खौफनाक मंजर बयां किया। इस बीच बैंकॉक हॉस्पिटल के प्रमुख ने बताया कि जिन यात्रियों को अस्पताल लाया गया, उनमें से 20 को आईसीयू में रखा गया है। इनमें कई लोगों को सिर, दिमाग और रीढ़ की चोटें आई हैं।




गौरतलब है कि 20 मई को लंदन (हीथ्रो) से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाली सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) की उड़ान एसक्यू 321 को प्रस्थान के लगभग 10 घंटे बाद 37,000 फीट की ऊंचाई पर इरावदी बेसिन पर अचानक गंभीर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। हादसे में एक 73 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 104 लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे।

बैंकॉक के समितिवेज श्रीनाकरिन अस्पताल के निदेश ने कहा कि उनका स्टाफ अभी छह लोगों के सिर और दिमाग पर चोट का इलाज कर रहा है। वहीं, 22 लोगों की रीढ़ और 13 लोगों की हड्डियों, मांसपेशियों और अन्य चोटों का इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि विमान में टर्बुलेंस की वजह से इस तरह की चोटों का उनके अस्पताल में पहली बार इलाज हो रहा है। जिन लोगों को चोटें आई हैं, उनमें दो साल के बच्चे से लेकर 83 साल के बुजुर्ग तक शामिल हैं।

**यात्रियों ने बताया टर्बुलेंस का खौफनाक मंजर :** इस बीच टर्बुलेंस का शिकार हुई सिंगापुर एयरलाइन में सवार यात्रियों ने घटना के बारे में विस्तार से बताया है। एक यात्री ने कहा कि विमान के कुछ मिनटों के अंदर ही 6000 फीट तक नीचे जाने के बावजूद यात्रियों को सीट बेल्ट पहनने की बहुत थोड़ी चेतावनी दी गई। ब्रिटिश यात्री जॉश सिल्वरस्टोन ने अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बताया- मैं पहले अचानक फर्श पर गिर पड़ा। मुझे समझ नहीं आया। लगा कि जैसे मेरा सिर कहीं लड़ गया है। विमान में सभी लोग चिल्ला रहे थे। लोग डरे हुए थे। मैंने विमान में चालू वाई-फाई को शुरू किया और मैं को मैसेज में कहा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। इससे पहले इलाज कराने के बाद सिडनी पहुंच चुके एक यात्री ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा, टर्बुलेंस के कारण मैं उछलकर छत से टकरा गया और फिर नीचे गिर गया। नाश्ते का सारा सामान भी बिखर गया। घटना के दौरान चालक दल के सदस्य नाश्ता तैयार कर रहे थे, उन्हें ज्यादा चोटें आईं।

**ऑस्ट्रेलिया के थे सबसे ज्यादा यात्री :** 22 मई को एक राहत उड़ान के माध्यम से 131 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट पर पहुंचे। उनके रिश्तेदारों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। उड़ान में सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलिया से 56 यात्री, सिंगापुर के 41, ब्रिटेन के 47 यात्री थे। एयरलाइंस ने कहा, वह लंदन-सिंगापुर उड़ान में हुए वायुमंडलीय विक्षोभ के मामले में अधिकारियों को पूरा सहयोग कर रही है। उड़ान के दौरान 73 वर्षीय ब्रिटिश यात्री ज्यॉफ्रे किचेन की मौत हो गई। उन्हें दिल का दौरा पड़ने की आशंका है।

## बाइक चलाने का शौक पड़ा चेक गणराज्य के राष्ट्रपति को महंगा, हादसे का हुए शिकार, अस्पताल में भर्ती

**प्राग, एजेंसी।** चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेट्र पावेल गुरुवार को एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। हालांकि, शुक्र रहा कि ज्यादा गंभीर चोटें नहीं आईं। उनके कार्यालय ने एक्स पर जानकारी दी कि पावेल को बाइक हादसे के बाद प्राग के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**इस अस्पताल में रहेंगे भर्ती :** राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि पेट्र पावेल की चोटें गंभीर नहीं हैं, लेकिन उन्हें देखभाल की जरूरत है। इसलिए वह प्राग के मिलिट्री विश्वविद्यालय अस्पताल में कुछ दिनों तक भर्ती रहेंगे।

**कार्यक्रमों पर असर :** 62 वर्षीय पावेल के प्रवक्ता विट कोलार ने एक टीवी चैनल को बताया, राष्ट्रपति अस्पताल में कई दिन रहेंगे। इसका उनके तय कार्यक्रमों पर असर पड़ सकता है। हालांकि, शुक्रवार, शनिवार और रविवार है, इसलिए हमारा मानना है कि इसका ज्यादा असर नहीं होगा। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि पावेल अगले सप्ताह विदेश यात्रा के लिए फिट होंगे या नहीं। उसी को देखते हुए आगे के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

**जॉर्डन की यात्रा पर सवाल उठे :** पावेल के कार्यालय ने इससे पहले गुरुवार को जानकारी दी थी कि राष्ट्रपति जॉर्डन जाएंगे, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि क्या अगले सप्ताह की यात्रा की योजना है। एक राजनयिक सूत्र के अनुसार, अगले गुरुवार को प्राग में एक अनौपचारिक बैठक में नाटो के विदेश मंत्रियों से पावेल के मिलने की भी उम्मीद है।

**बाइक चलाने का शौक :** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति एक बंद रेसिंग सर्किट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। इसलिए पुलिस दुर्घटना की जांच नहीं कर रही है। बता दें, पूर्व नाटो जनरल पावेल एक मोटरसाइकिल चालक के रूप में अपने जुनून के लिए जाने जाते हैं। वर्तमान में उनके पास बीएमडब्ल्यू आर 1200 जीएस है।

**पिछले साल बने थे राष्ट्रपति :** आपको बता दें कि पेट्र पावेल नाटो उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पावेल 1990 के दशक से 2018 तक सेना में रहे हैं। 61 वर्षीय सेवानिवृत्त जनरल पावेल ने पिछली साल पहली बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। उन्हें 58 फीसदी से अधिक मत मिले थे। आपको बता दें कि आठ शुरुआती उम्मीदवारों में से किसी को भी दो सप्ताह पहले मतदान के पहले दौर में पूर्ण बहुमत नहीं मिला, पावेल और अरबपति कारोबारी आंद्रेज बाबिस के बीच दूसरे दौर के रन-ऑफ में चुनाव हुआ था।

## पुतिन ने अमेरिकी संपत्ति जब्त करने की अनुमति वाले आदेश पर हस्ताक्षर किए

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका द्वारा रूसी संपत्तियों की संभावित जब्ती के जवाब में अमेरिकी संपत्तियों को जब्त करने के एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डिक्री में लिखा है कि रूसी सेंट्रल बैंक और रूसी संस्थाओं को अमेरिका द्वारा संपत्तियों की गैरकानूनी जब्ती के मामले में अदालत में कानूनी निवारण लेने का अधिकार होगा। रूसी सरकार का एक विशेष आयोग अमेरिकी परिसंपत्तियों या संपत्तियों की पहचान करेगा, जिसमें रूस में चल और अचल अमेरिकी संपत्तियां, प्रतिभूतियां, रूसी उद्यमों में शेयर और संपत्ति के अधिकार शामिल हैं, जिनका उपयोग होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए किया जा सकता है। सरकार को डिक्री लागू करना सुविधाजनक बनाने के लिए रूसी कानून में संशोधन पेश करने के लिए चार महीने का समय दिया गया है।



# शरीफ सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ीं, विपक्ष की इस्लामाबाद तक लंबे मार्च की योजना

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार के लिए कठिन समय आने वाला है। देश में एक बड़ा विपक्षी गठबंधन बन रहा है। यह बड़े पैमाने पर रैलियां, विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार को गिराने की योजना बना रहा है। 8 फरवरी के चुनाव के बाद बनी मौजूदा शहबाज शरीफ सरकार मुश्किल में है। देश में राजनीतिक अस्थिरता लगातार नुकसानदेह बनी हुई है। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के तहत नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के शीर्ष नेतृत्व और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के बीच महत्वपूर्ण बैठकें शुरू हो चुकी हैं। विपक्ष देश में जल्द चुनाव कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने की योजना बना रहा है। दिलचस्प बात यह है कि जेयूआई-एफ नेता मौलाना फजल-उर-रहमान राजनीतिक दलों के विपक्षी गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के अध्यक्ष थे, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तत्कालीन सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ हाथ मिलाया और बाद में संसद में अविश्वास मत के माध्यम से उनका निष्कासन सुनिश्चित किया। फजल-उर-रहमान ने पीटीआई और इमरान खान पर भारत एवं इजरायल से फंडिंग का आरोप लगाया था। इसके अलावा उन्होंने पार्टी नेताओं पर विदेशी एजेंट होने का आरोप लगाया



जो पाकिस्तान में अराजकता और अस्थिरता फैलाने के लिए काम कर रहे थे। दूसरी तरफ इमरान खान ने अतीत में विभिन्न राजनीतिक रैलियों और अभियानों के दौरान फजल-उर-रहमान को डीजल और मौलाना डीजल करार दिया। हालांकि, अब दोनों पक्ष विपक्ष में बैठे हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने अपने मतभेदों को भुला दिया है और सत्तारूढ़ सरकार को गिराने के लिए हाथ मिला लिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक मजबूत विपक्षी गठबंधन शरीफ सरकार के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है। सरकार पहले से ही फरवरी के चुनाव के दौरान हेरफेर और जानबूझकर धांधली के आरोपों के कारण बड़े पैमाने पर आलोचना का सामना कर रही है। सूत्रों ने कहा, पीटीआई और जेयूआई-एफ समेत विपक्षी दल इस्लामाबाद की ओर रैलियां, विरोध प्रदर्शन और कई लंबे मार्च आयोजित कर सरकार विरोधी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।

## चीन के सैन्य अभ्यास पर ताइवान के राष्ट्रपति बोले- 'नागरिकों की रक्षा मेरी जिम्मेदारी, चुनौती के सामने डटे हैं'

**ताइपे, एजेंसी।** चीन ने ताइवान के खिलाफ अपना व्यापक सैन्याभ्यास शुरू किया। चीनी दुस्साहस के जवाब में ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने और ताइवान की रक्षा करने की प्रतिज्ञा की। बता दें, चीन ने अपने सैन्याभ्यास को ज्वाइंट स्वॉर्ड- 2024ए नाम दिया है। इसका उद्देश्य ताइवान की सत्ता पर कब्जा करना, संयुक्त हमले शुरू करना और प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जा करना है। साथ ही ताइवान की क्षमता का आकलन करना है। मरीन कॉर्प्स की 66वीं ब्रिगेड का दौरा किया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में पहली बार चिंग-ते ने ताओयुआन में पदस्थ मरीन कॉर्प्स की 66वीं ब्रिगेड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरी जिम्मेदारी देश की रक्षा करना और सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लाई ने कहा कि हम बाहरी चुनौतियों और



खतरों के सामने डट के खड़े हैं। हम स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करेंगे। हम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की रक्षा करेंगे। हम सैन्य कर्मियों के साथ खड़े हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करेंगे। सेना की क्षमता पर भरोसा जताया नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों को आश्वासन दिया कि अपने पद पर मजबूती से डटे रहें। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना की क्षमता पर भरोसा जताया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में सुधारों, रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और सैन्य कर्मियों की देखभाल सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालांकि, उन्होंने चीनी सेना के सैन्याभ्यास पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की। ताइवान में नई सरकार बनने पर बौखलाया चीन लाई चिंग-ते ने सोमवार को ताइवान के नए राष्ट्रपति के तौर पर कार्यभार संभाला। अपने शपथ समारोह में उन्होंने कहा था कि चीन को युद्ध की धमकी छोड़ देनी चाहिए। राष्ट्रपति लाई अपने भाषण में स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों पर जोर दिया था। उन्होंने बाहरी चुनौतियों और खतरों के खिलाफ ताइवान की रक्षा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा था कि हम स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करेंगे। क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करना जारी रखेंगे। लाई के कार्यभार संभालने पर चीन ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। लाई को बधाई देने के लिए चीन ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की निंदा की। चीन ने ताईपे का समर्थन करने वाले एक अमेरिकी कांग्रेसी और अमेरिका के रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध भी लगाया।

## यूपी की ई-रिक्शा चालक आरती ने जीता ब्रिटेन का शाही पुरस्कार, किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की

**लंदन, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की आरती ने लंदन में प्रतिष्ठित अमल क्लूनी महिला सशक्तीकरण पुरस्कार जीता है। आरती को लंदन में प्रिंस ट्रस्ट ने यह पुरस्कार दिया गया। बुधवार को उन्होंने बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। उन्हें सरकार की पिंक ई-रिक्शा पहल के साथ अपने काम के माध्यम से अन्य युवा लड़कियों को प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया।

आरती कहती हैं कि वह अन्य लड़कियों को प्रेरित करने में सक्षम होने पर गर्व करती हैं जो उनकी तरह चुनौतियों का सामना करती हैं। उन्होंने कहा, इस नई आजादी ने मुझे दुनिया को एक अलग रोशनी में देखने का अनुमति दी है। अब मैं न केवल अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम हूं, बल्कि अपनी बेटी के सपनों को भी पूरा करने में सक्षम हूं, जो पांच साल की है। आरती ने अपनी पहली लंदन यात्रा के दौरान बेटी के लिए कुछ केक और एक जोड़ी जूते खरीदे हैं।

किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, यह अद्भुत अनुभव था। किंग से मिलकर बहुत अच्छा लगा और उन्होंने मरे परिवार को भी अपना नमस्ते भेजा है। मैंने बताया कि मुझे अपना ई-रिक्शा चलाना कितना पसंद है, जो प्रदूषण फैलाने



वाले डीजल या पेट्रोल से नहीं चलता है। मैं हर रात अपने घर पर उसे चार्ज करती हूं। बकिंघम पैलेस में स्वागत समारोह के लिए आरती एक गुलाबी रिक्शा से पहुंची। इसे न केवल परिवहन के एक स्थायी साधन के रूप में प्रदर्शित किया गया, बल्कि एक विचार और अभियान के रूप में दिखाया गया। आरती के साथ पुरस्कार समारोह में गईं एकेएफ (इंडिया) सीईओ टिन्नी साहनी ने कहा, आरती वास्तव में सभी बाधाओं के खिलाफ साहस, दृढ़ता और मजबूत संकल्प की प्रतीक हैं, जो अपने गांव में महिलाओं के लिए एक रोल मॉडल के रूप में उभरी हैं। हम प्रिंस ट्रस्ट इंटरनेशनल के साथ साझेदारी के लिए उनके आभारी हैं, जिसने हमें युवा महिलाओं को उनके सपनों और उम्मीदों को साकार करने में मदद करने में सक्षम बनाया है।

# इमरान खान के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर, भड़के पार्टी अध्यक्ष, बोले- गरिमा को किया अपवित्र

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद पार्टी के अतिक्रमण विरोधी अभियान का विरोध इमरान खान पार्टी ने शुरू किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार राजनीतिक पार्टी कार्यालय के गरिमा का उल्लंघन कर रही है। बृहस्पतिवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए सीडीए की अतिक्रमण विरोधी टीम ने अभियान चलाया। पीटीआई के मुख्यालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन के साथ अतिक्रमण विरोधी टीम ने पीटीआई मुख्यालय को सील कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने मौजूदा सरकार को खूब खरी-खोटी सुनाई। बता दें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी जेल में हैं। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली ने कहा कि सीडीए के पास इस ऑपरेशन का कोई परमिट नहीं था। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कोई नोटिस तक नहीं भेजा। उन्होंने कहा कि सरकार ने संसद के बाद सबसे प्रतिष्ठित परिसर होने के बावजूद एक राजनीतिक पार्टी कार्यालय की पवित्रता और नियमों का उल्लंघन किया है। पीटीआई अध्यक्ष ने दावा किया कि कोई अवैध निर्माण परिसर में नहीं था। लेकिन मान लेते हैं कि कोई अवैध निर्माण था, लेकिन सीडीए को ऑपरेशन से पहले सूचना भेजनी चाहिए। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि देर रात पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ



के केंद्रीय कार्यालय पर हथियारबंद हमला और तोड़फोड़। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी पर जनादेश चोर सरकार ने रात के अंधेरे में किए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने आगे लिखा कि धमकी, अराजकता और बल के अंधाधुंध इस्तेमाल के आगे न झुकने और सच्ची आजादी के एजेंडे से किसी भी तरह पीछे न हटने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए। पीटीआई के महासचिव और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी पर पार्टी के कार्यालय में अवैध कार्रवाई की साजिश रचने का आरोप लगाया। कहा कि पीटीआई को अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे कानूनी तरीकों से लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम सीडीए के चेयरमैन, आईजी इस्लामाबाद को नेशनल असेंबली की विशेषाधिकार समिति में तलब करेंगे। वहीं सीडीए अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों से संबंधित कार्यालयों के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। जिस भूखंड पर पीटीआई कार्यालय बना है, उसकी जांच की जा रही है, क्योंकि इसे सरताज अली नामक व्यक्ति को आवंटित किया गया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 25 मई 2024 | 8


जिले में 12 सीएम राइज स्कूलों को प्रथम चरण में स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त हुई है। शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना के तहत सीएम राइज विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।



## बच्चों को भीख नहीं, उनके पुनर्वास में मदद दें : कलेक्टर

### बच्चों को दी गई भीख उन्हें अपराध और नशे की दुनिया में पहुँचा सकती है

**रीवा।** मंदिरों, बड़े चौराहों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों में कई बार बच्चों की आवाजें सुनाई देती हैं कि पाँच रूपया दे दीजिए, पेन खरीद लीजिए, मैं बहुत भूखा हूँ। इन आवाजों का हम अक्सर सामना करते हैं। बच्चों की दीन-हीन दशा देखकर अधिकांश लोग इन्हें रुपए देकर मदद करने का धर्म निभाते हैं। लेकिन बच्चों से भिक्षावृत्ति कराना सामाजिक ही नहीं वैधानिक रूप से भी अपराध है। भिक्षावृत्ति कराने पर सजा का प्रावधान है। बच्चों की भिक्षावृत्ति की समस्या को दूर करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों की भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने तथा बेसहारा बच्चों के पुनर्वास के



संबंध में कई निर्णय लिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि बच्चों की भिक्षावृत्ति सामाजिक समस्या है। इसका समाधान भी वैधानिक उपायों के साथ-साथ सामाजिक सुधार के प्रयासों से ही होगा। हम सभी किसी को भी दीन-हीन देखकर उसकी सहायता करने का प्रयास करते हैं। इस मनोवृत्ति का फायदा उठाने के लिए कई बार बच्चों से भिक्षावृत्ति कराई जाती है। कई बार हम बच्चों की मदद करते हुए उन्हें ऐसी दुनिया में पहुंचाने में मददगार बन जाते हैं जहाँ नशा और अपराध का बोलबाला होता है। यदि कोई बच्चा बेसहारा है तो उसके पुनर्वास के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा योजनाएं लागू हैं। बाल संरक्षण गृह तथा वन स्टॉप सेंटर में इन्हें पुनर्वास का अवसर दिया जाता है। निराश्रित बच्चों को स्पांसरशिप योजना से भी सहायता दी जा सकती है। हम जब किसी बच्चे की सहायता का प्रयास करें तो उसे रुपए देने के स्थान पर उसके पुनर्वास के लिए प्रयास करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा नगर निगम की संयुक्त टीम बेसहारा बच्चों एवं भिक्षावृत्ति कर रहे बच्चों के रेस्क्यू और पुनर्वास के प्रयास करे। इस अभियान में बच्चों के कल्याण के लिए काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल करें। धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों तथा शहर के आसपास के डेरों में बेसहारा बच्चों की तलाश करें। इस अभियान में कई गुमशुदा बच्चे भी उनके परिवारों तक पहुंचाए जा सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति बच्चों से भिक्षावृत्ति करवा रहा है तो उसके विरूद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही करें। अभियान के दौरान रेस्क्यू किए गए बच्चों की शिक्षा, पोषण, आवास तथा उपचार की समुचित व्यवस्था करें।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय तथा सहायक संचालक आशीष द्विवेदी ने अभियान के उद्देश्यों एवं तैयारियों की जानकारी दी। अभियान आगामी 9 जून तक चलाया जाएगा। बैठक में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, उपायुक्त नगर निगम रुपाली द्विवेदी, थाना प्रभारी हितेन्द्र शर्मा, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ व सुचारू संचालन हेतु समिति गठित

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगर निगम रीवा एवं गैर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से समिति का गठन किया है। समिति में आयुक्त नगर निगम को अध्यक्ष तथा उप पुलिस अधीक्षक को यातायात, आरटीओ व यातायात थाना प्रभारी को सदस्य बनाया गया है। यह समिति ऑटो रिक्शा के रूट, पॉर्किंग व्यवस्था को चिन्हित कर कार्ययोजना बनाते हुए प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप चिन्हित स्थानों पर तैयार की गई कार्ययोजना को प्रभावी तरीके से समिति द्वारा क्रियान्वयन कराया जाएगा तथा समय-समय पर की गई कार्यवाही से समिति कलेक्टर को भी अवगत कराएगी।

## मतगणना स्थल परिसर में धारा 144 के तहत प्रतिबंध के आदेश

### जिला दण्डाधिकारी ने शांतिपूर्ण मतगणना के लिए धारा 144 के तहत लगाए प्रतिबंध

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह प्रतिबंध मतगणना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में 100 मीटर की परिधि में 3 जून को रात 8 बजे से 4 जून को मतगणना परिणाम घोषित होने तक लागू रहेगा। इस अवधि में प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सभा करने, रैली तथा जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में लाउड स्पीकर के उपयोग, अधिकतम पाँच व्यक्तियों से अधिक के एकत्रित होने एवं एक साथ चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। विधानसभा निर्वाचन में विजयी उम्मीदवार द्वारा सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करके जुलूस निकालने पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। वर्तमान परिस्थितियों में आम जनता तथा राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं को इस आदेश की सूचना की तामीली संभव नहीं है। इसलिए यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से विभिन्न संचार माध्यमों तथा तहसील कार्यालय एवं थानों के सूचना पटल के माध्यम से आदेश की सूचना दी जा रही है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को आदेश का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## मतगणना स्थल में रहेगी उपचार की सुविधा

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना स्थल पर आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर अधिकारियों-कर्मचारियों की चिकित्सा व्यवस्था के लिए एंबुलेंस व चिकित्सा किट के साथ चिकित्सक दलों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि एक चिकित्सालय शासकीय इंजीनियरिंग कालेज के पिछले भाग में तथा दूसरा दल मुख्य प्रवेश द्वार के सामने तैनात रहेंगे। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सक दलों के पास चिकित्सा किट एवं एंबुलेंस रहेगी तथा आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था हेतु कालेज के कक्ष क्रमांक एफसीई-1 में दो अस्थायी चिकित्सा बेड की भी व्यवस्था कराए जाने के निर्देश कलेक्टर ने सीएमएचओ को दिए हैं।

## आपके रीवा शहर में प्रतिदिन होती है मां बीहर गंगा आरती

**रीवा।** श्रीराम दरबार अखिल आर्यावर्त रीवा के द्वारा पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी 22 जनवरी 2024 जिस दिन श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में नव निर्मित मंदिर में श्रीराम लला जी की स्थापना हुआ था आपके रीवा शहर में देव भूमि पंचमठ धाम में प्रतिदिन शायं 7 बजे ऋषिकेश, हरिद्वार और वाराणसी जैसी दिव्य मां बीहर गंगा आरती होती। सभी नगर वासियों से आग्रह है की आप सभी लोग सपरिवार पधार कर दिव्य महा आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। कल के आरती में विशिष्ठ यजमान के रूप में मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जी पूजन आरती किए।

## सीएम राइज पी.के. स्कूल का भवन निर्माण कार्य प्रगति पर

### 47.89 करोड़ रूपये से बनाये जा रहे सीएम राइज भवन निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया अवलोकन

रीवा

जिले में 12 सीएम राइज स्कूलों को प्रथम चरण में स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त हुई है। शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना के तहत सीएम राइज विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 47.89 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे सीएम राईज पीके स्कूल के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश



दिये। उल्लेखनीय है कि 47.89 करोड़ रूपये से सीएम राइज पीके का निर्माण कार्य दिसंबर 2023 से प्रारंभ हो चुका है तथा जून 2025 तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। निर्माणाधीन भवन में जी अ3 अन्तर्गत 76 क्लासरूम, 500 सीटर आडिटोरियम, छात्रावास, मिड डे मील भवन के साथ टेनिस कोर्ट तथा क्रिकेट बाक्स का निर्माण कराया जायेगा। स्कूल से लगे क्षेत्र में प्ले ग्राउण्ड भी होगा। कलेक्टर ने भवन निर्माण की प्रगति से अवगत होते हुए कार्य को और गति देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीआईयू केके तिवारी, सहायक यंत्री संजीव कालरा, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता, प्राचार्य पीके स्कूल वरूणेन्द्र प्रताप सिंह सहित पीआईयू के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मतगणना केन्द्र में मोबाइल सुरक्षित रखने के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना केन्द्र में मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना कार्य एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अभ्यर्थियों व उनके एजेण्टों के मोबाइल एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों को सुरक्षित रखने व मतगणना के उपरांत उन्हें वापस करने के लिए एमपी पाठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अन्त्यावसायी को नियुक्त किया गया है।

## आपदा नियंत्रण संबंधी बैठक 27 मई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में अतिवर्षा के कारण बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 27 मई को टीएल बैठक के उपरांत आयोजित इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को विभागीय बाढ़ राहत कार्ययोजना के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये है।

## टी.आर.एस.कालेज के मैदान के जीर्णोद्धार का कार्य अधर में

**रीवा।** कुलदीप सिंह सोमवंशी एडवोकेट ने कहा कि समूचे रीवा जिले में फुटबाल का कोई घोषित मैदान नहीं है। ऐसी स्थिति में शासन की योजना खेलो इंडिया और बढ़ो इंडिया में पलीता लग रहा है। समूचे शहर में टी.आर.एस.कालेज का मैदान ही ऐसा स्थान है जहां कई वर्षो से फुटबाल खेला जा रहा है और बहुत प्रतिभाएँ निकलकर विंध्य सहित सम्पूर्ण राज्य व देश में नाम रोशन किया है। किन्तु मैदान की स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है, मैदान मे घुटने तक धूल व पत्थर के टुकड़े पड़े हुये है। खेलने की वजह से खिलाड़ियों को स्वास्थ्य लाभ होने की जगह दमा व अस्थमा जैसी सांस की बीमारियां हो रही है। श्री सिंह ने कहा कि मैदान के जीर्णोद्धार के लिये कई बार टेन्डर निकाले गये व ठेके जारी किये गये किन्तु मैदान की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। म.प्र.शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से खिलाड़ियों ने कई बार आग्रह किया तब उनके सानिध्य व निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने टेन्डर निकाला और ठेका अनुमप सिंह को मिला वरसात प्रारम्भ होने के मुहाने पर है किन्तु ठेकेदार अनुपम सिंह ने मैदान के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ नहीं किया है और बरसात प्रारम्भ होने की स्थिति में मैदान में डालने के लिए मिट्टी उपलब्ध नहीं होगी और मैदान पूर्व की स्थिति में रहेगा तथा जीर्णोद्धार का कार्य पूर्व की भांति वलि वेदी में चढ़ जायेगा एवं खिलाड़ियों को हर बार की भांति इस बार भी निराशा ही हांथ लगेगी।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 1035117 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 22 मई तक 22479 किसानों से 1035117 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 248 करोड़ 42 लाख 81 हजार की राशि मंजूर की गयी है।

## शार्वी पांडेय की वार्ता का प्रसारण आकाशवाणी से आज

रीवा

समाज में बढ़ता नशे का प्रभाव, उपचार और रोकथाम विषय पर बहुमुखी प्रतिभा की धनी, युवा वक्ता शार्वी पांडेय की वार्ता का प्रसारण, आकाशवाणी केंद्र से प्रसारित होने वाले युवाओं के लोकप्रिय कार्यक्रम युववाणी में कल दिनांक 25 मई 2024 को सायं 5 बजे से किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी युवा समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने



आज यहां पर जारी अपनी एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी है

श्री श्रीवास्तव ने अपनी विज्ञप्ति में आगे बताया है कि शार्वी पांडेय ने अपनी 10 मिनट की वार्ता में नशे से होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया एवं युवा पीढ़ी को नशा ना करने का संदेश भी दिया! शार्वी पांडेय की इस उपलब्धि पर उनके पिता वरिष्ठ राजनेता एवं ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष सुबोध पांडेय, माता ज्योति पांडेय एवं वरिष्ठ समाजसेवी व मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव ने शुभकामनायें देते हुए शार्वी के उज्जवल भविष्य की कामना की है!

## कियोस्क आइडी लेकर काम करने वाले युवक की हत्या, रास्ते पर मिला शव

**सीधी।** कियोस्क की आइडी लेकर काम करने वाले संचालक की हत्या का मामला सामने आया है। शव व बाइक बरामद होने के बाद सिटी कोतवाली ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी लगते ही डॉ रवींद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक, डीएसपी, अभिषेक उपाध्याय प्रभारी सिटी कोतवाली मौके पर पहुंच गए। पुलिस घटनास्थल की बारीकी से जांच कर रही है। सिटी कोतवाली अंतर्गत महाराजपुर गांव निवासी अजय प्रजापति रोजाना की तरह कियोस्क के काम से गया हुआ था। उसी रात करीब 11.30 बजे सड़क के किनारे बाइक पर शव मिला है। युवक कियोस्क की आइडी लेकर काम करता था। पुलिस को जांच में युवक के सिर पर धारदार हथियार से चोट के निशान मिले हैं। बाइक पर खून के दाग मिला है। हत्या किनके द्वारा किन परिस्थितियों में की गई फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने शव पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या कि मामला पंजीबद्ध कर तलाश कर रही है। घर से युवक क़रीब चार बजे मोटर साइकिल से गांव की ओर निकला है। लाश करीब साढ़े ग्यारह बजे मोटर साइकिल के पास मिली है। इस बीच उसकी कई लोगों से बातचीत हुई है। आखिरी बात मां से हुई थी। अन्य नंबर की डिटेल निकालकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया की युवक की हत्या की गई है। हत्या के लिए धारदार हथियार का उपयोग किया गया है। आखिरी बात मां से हुई थी। काल डिटेल निकालकर जांच शुरू कर दिया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अभिषेक उपाध्याय प्रभारी थाना सिटी कोतवाली

## प्रशिक्षण अच्छा होगा तो मतगणना सरलता से होगी : जिला निर्वाचन अधिकारी

### मास्टर ट्रेनरों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि मतगणना के लिए तैनात प्रत्येक व्यक्ति को मतगणना की प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी दें। निर्वाचन आयोग के मतगणना संबंधी निर्देशों को पूरी तरह से अवगत कराएं। ईव्हीएम से मतगणना बहुत आसान है। निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने पर बिना किसी परेशानी के मतगणना संपन्न होगी। मास्टर ट्रेनर जितना अच्छा प्रशिक्षण गणना कर्मियों को देंगे उतनी ही सरलता से मतगणना होगी। प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीन के संचालन में कठिनाई को दूर करने तथा मतगणना एजेण्टों को डिस्प्ले पैनल दिखाने के संबंध में स्पष्ट निर्देश दें। प्रशिक्षण के दौरान गणना कर्मियों की शंकाओं का समाधान अवश्य करें।



मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण तथा सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ अमरजीत सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। इसमे तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 6 बजे गणना केन्द्र में पहुंचना होगा। रेण्डमाइजेशन के बाद गणना कर्मियों को विधानसभावार तथा टेबिलवार तैनाती की जाएगी। मनगवां विधानसभा क्षेत्र में 15 टेबिल तथा शेष विधानसभा क्षेत्रों 14-14 टेबिलों में मतगणना होगी। प्रत्येक टेबिल पर गणना सहायक, गणना पर्यवेक्षक तथा माइक्रो प्रेक्षक तैनात रहेंगे। प्रत्येक टेबिल में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, अन्य दलों तथा अन्य उम्मीदवारों के गणना एजेण्ट भी तैनात रहेंगे। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाएगी। डाक मतपत्र की गणना शुरू होने के 30 मिनट बाद ईव्हीएम से मतगणना शुरू होगी।

प्रशिक्षण देते हुए सुपर मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतगणना केन्द्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। केवल वैध प्रवेशपत्र धारियों को ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। मोबाइल फोन तथा अस्त्र-शस्त्र के साथ प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक चक्र की गणना के बाद इनकोर पोर्टल पर विधानसभावार उम्मीदवारों को मिले मत दर्ज किए जाएंगे। रिटर्निंग आफीसर तथा प्रेक्षक द्वारा हस्ताक्षर के बाद प्रत्येक चक्र में उम्मीदवारों को मिले मतों की घोषणा की जाएगी। प्रत्येक चक्र की गणना पूरी होने के बाद गणना एजेंटों को भी इसकी प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। रैण्डम विधि से चुनी गई पाँच मतदान केन्द्रों की ईव्हीएम व्हीव्हीपैट पर्चियों की भी गणना की जाएगी। गणना पूरी होने के बाद निर्धारित प्रारूप में चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में मतगणना प्रक्रिया से संबंधित निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एचजीआर त्रिपाठी तथा सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833